manufacturers Of:
PUNJAB GOLD
Brand
ATTA, MAIDA, SUJI & BRAN
SAMANA ROLLER FLOUR MILLS LTD.
Work & Regd. Office: Patiala Road
Samana- 147101, Distt- Patiala (PUNJAB)
Tel: 01764221064, 222789, 224289
Mob-09815547571

सीधी, रीवा, सिंगरौली, भोपाल, शहडोल एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# समय

गांधीवादी आदर्शों पर आधारित समाजवादी समाज रचना का प्रवक्ता हिन्दी दैनिक

पौष्टिक एवं शुद्ध
हाथी
ब्राण्ड आटा बेसन
Mfd by: Jugal Kishore harbans Lal
B-40/1&2, Lawrence Road, Industrial area,
Delhi-110035
Phones: 27180252, 2718583, 27180871, 27106565

वर्ष- 70 | अंक- 241 | MP/SDLDN/0002/2013-15 | सीधी, शनिवार 3 जून 2023 | संवत- 2079, ज्येष्ठ शुक्ल 14 | E-mail: samayapress@gmail.com | पृष्ठ संख्या- 8 | मूल्य- 3.50 रुपए

## नदी में डूबने से दो बहनों समेत तीन लोगों की मौत

### शहडोल में नहाने के दौरान हादसा

### साथ गई दो लड़कियां डरकर घर भागीं

**शहडोल नप्र।** शहडोल में नदी में नहाने गईं 5 बच्चियों में से तीन की डूबने से मौत हो गई। इनमें दो सगी बहनें थीं। उनके साथ नहा रहीं दो अन्य बच्चियां डरकर भागते हुए घर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी। मामला ब्योहारी थाना क्षेत्र के सौंता गांव का है। यहां राजू पाल के घर में कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए बाहर से भी रिश्तेदार आए थे। दोपहर में राजू पाल की बेटी आरती (14), उसकी दो भांजी- पलक (12) और पारुल (8) समेत गांव की दो अन्य बच्चियां नदी में नहाने के लिए घर से निकल गईं। नहाने के दौरान आरती, पारुल और पलक नदी में डूब गईं। उनकी चीख-चिल्लाहट सुनकर साथ गईं दोनों बच्चियां भागकर घर पहुंचीं। परिजन जब तक वहां पहुंचते, उससे पहले गांव के ही नरेंद्र और वीरेंद्र यादव ने बच्चियों को बाहर निकाला। लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।



**मामा के यहां कार्यक्रम में आई थीं सगी बहनें**

पारुल और पलक का परिवार सीधी के सिलवार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उनके पिता हरीश पाल ने बताया कि मामा राजू पाल के घर आने पर बहुत खुश थीं।

## मणिपुर में हाईटेक राइफल्स और ग्रेनेड समेत 144 हथियार सरेंडर, पांच जिलों से कर्फ्यू हटा

**मणिपुर एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपील के बाद मणिपुर में उपद्रवियों ने 144 हथियार और 11 मैगजीन सरेंडर किए हैं। इनमें SLR 29, कार्बाइन, AK, इंसास राइफल, इंसास LMG, M16 राइफल जैसी हाईटेक राइफल्स और ग्रेनेड भी शामिल हैं। मणिपुर सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंफाल ईस्ट में 102 हथियार और गोलाबारूद मिले हैं। टेंग्नौपाल जिले में 35 हथियार सरेंडर किए गए हैं, जिसमें से 18 सिर्फ मोरे में हुए हैं। इंफाल वेस्ट से 2 हथियार, थौबल से 5 हथियार सरेंडर किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर जिलों में स्थिति सामान्य है। राज्य में 3 मई को हिंसा भड़की थी। इसके बाद सुरक्षाबलों के करीब 2 हजार हथियार लूटे गए थे।

महीने भर बाद भी जब राज्य में हिंसा नहीं थमी तो गृह मंत्री अमित शाह 29 मई को चार दिन के दौरे पर मणिपुर पहुंचे। गुरुवार को शाह ने मणिपुर में लोगों से कहा था कि अफवाहों पर ध्यान न दें। हथियार रखने वालों को पुलिस के सामने सरेंडर करना होगा। शाह ने कहा कि 2 जून से सर्च ऑपरेशन शुरू होगा। अगर किसी के पास हथियार मिले तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके 24 घंटे बाद ही इतनी बड़ी संख्या में उपद्रवियों ने सरेंडर किया है। उधर, राज्य के 5 जिलों से कर्फ्यू हटा लिया गया है।



**4 दिन मणिपुर में रहे अमित शाह**

3 मई से जारी हिंसा के बीच गृह मंत्री अमित शाह पहली बार राज्य के दौरे पर गए थे। वे 29 मई से 1 जून यानी 4 दिनों तक यहां रहे। उनके साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और इंटेलिजेंस ब्यूरो के चीफ तपन डेका भी मौजूद थे। शाह ने 4 दिन के दौरे में कई फैसले लिए। इनमें राज्य के DGP को हटाना सबसे बड़ा फैसला था।

### मुख्यमंत्री, छतरपुर के गौरव दिवस और महिला सम्मेलन में हुए शामिल

# महाराज छत्रसाल की स्मृति को अक्षुण्ण रखने छतरपुर में बनेगा विशाल स्मारकः मुख्यमंत्री

- छतरपुर नगरपालिका को नगर निगम बनाने की घोषणा की
- 300 करोड़ से निर्मित होगा नवीन मेडिकल कॉलेज भवन
- गौरव दिवस पर दी 790 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महाराज छत्रसाल की स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये छतरपुर में उनका विशाल स्मारक बनाया जायेगा। छतरपुर नगरपालिका को नगर निगम बनायेंगे। जिले के विकास में कोई कोर-कसर छोड़ी नहीं जायेगी। उन्होंने कहा कि छतरपुर मेडिकल कॉलेज के पुराने टेंडर को निरस्त कर नये टेंडर के आदेश दिए गए हैं। जल्द ही छतरपुर में 300 करोड़ रूपये की लागत से नवीन मेडिकल कॉलेज के भवन का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री आज छतरपुर के गौरव दिवस और महिला सम्मेलन में शामिल हुए।

उन्होंने छतरपुर जिले को अनेक सौगातें देते हुए 790 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महाराजा छत्रसाल महान योद्धा और शौर्य के प्रतीक थे। उन्होंने हिन्दू स्वराज को स्थापित किया।

ऐसे शूरवीर और महापुरुष से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छतरपुर मेडिकल कॉलेज का निर्माण जिस ठेकेदार द्वारा काफी लम्बे समय से प्रारंभ नहीं किया था उसका टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब नये टेंडर के आदेश दिये गये हैं। शीघ्र ही छतरपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि एक समय था जब बेटियों को बोझ समझा जाता था। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना ने समाज की सोच को बदल कर बेटी को वरदान बना दिया है। महिला सशक्तिकरण के लिये प्रदेश में अभियान चल रहा है। अनेक योजनाओं से उन्हें आत्म-निर्भरता की ओर अग्रसर किया जा रहा है। हमने स्थानीय चुनावों में आधी सीटें महिलाओं के लिये आरक्षित की हैं, जिसके फलस्वरूप बड़ी संख्या में महिलाएँ आज पंच, सरपंच, पार्षद आदि पदों पर विराजमान है। बेटियों और महिलाओं के महत्व को बढ़ाने के लिये मध्यप्रदेश में सामाजिक क्रांति हुई है। महिलाओं के नाम संपत्ति खरीदने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी गई है। प्रधानमंत्री आवास पति-पत्नि दोनों के नाम से है। भू-अधिकार पट्टे भी पति-पत्नि के नाम से दिये जा रहे हैं।

### सवा करोड़ बहनों के खाते में एक-एक हजार रूपये

मध्यप्रदेश सरकार ने गरीब बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये लाड़ली बहना योजना को लागू कर प्रदेश की सवा करोड़ बहनों के खाते में एक-एक हजार रूपये 10 जून से डालने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि 8 जून को प्रदेश में विशेष ग्रामसभाएँ होगी, जिसमें पात्र बहनों के नाम बताये जायेंगे। स्वीकृति-पत्र घर पहुँचाया जाएगा। उन्होंने लाड़ली बहनों से कहा कि वे 9 जून की शाम गाँव में गीत गाये, उनके खाते में पैसा आने वाला है। सभी गाँवों में 10 जून की शाम 5 बजे कार्यक्रम होंगे और शाम 6 बजे मैं स्वंय महिलाओं से वर्चुअली चर्चा करूँगा। उसके बाद बहनों के खातों में योजना की राशि अंतरित की जायेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक ग्राम एवं वार्डों में लाड़ली बहना सेना का गठन होगा। छोटे गाँव में 11 तथा बड़े गाँव में 21 बहनों की सेना बनेगी। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों की बहनों की आय प्रतिमाह 10 हजार हो। इन प्रयासों के चलते हमारी बहुत सी बहनें लखपति क्लब में शामिल हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान के साथ लगे अहाते बंद करने का निर्णय लिया जा चुका है। कक्षा 12वीं में ज्यादा नम्बर लाने वाली बालिकाओं को स्कूटी देने का निर्णय भी लिया गया है। गरीबों को पीएम आवास और जमीन का पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर आतंकवाद नहीं पनपने दिया जाएगा। आतंकवाद की गतिविधियों में लिप्त लोगों को जेल भेजा गया है। दमोह में एक स्कूल की घटना पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मामले की जाँच कराई जा रही है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्ज माफी नहीं होने से जो किसान डिफाल्टर हो गये थे, उनके ब्याज की राशि राज्य सरकार द्वारा भरी जायेगी। केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सिंचाई क्रांति आयेगी।

### बुंदेलखंड के विकास के लिए अनेक योजनाएं दीः राजपूत

जिले के प्रभारी और राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार ने छतरपुर के साथ कभी भेदभाव नहीं किया। हमेशा छतरपुर और सागर सहित पूरे बुंदेलखंड के विकास के लिए अनेक योजनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि सागर में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के बाद छतरपुर में महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय को राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय बनाया गया है। आज 5 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से भवन का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि छतरपुर के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और गौरवशाली है। आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 300 करोड़ रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

## 14वें दलाई लामा की तबीयत बिगड़ते ही नए दलाई लामा की खोज शुरु

**नई दिल्ली एजेंसी।** खबर है कि तिब्बती बौद्धों के 14वें धर्म गुरू दलाई लामा की तबीयत नासाज हो गई है, ऐसे में नए दलाई लामा की खोज शुरु कर दी गई है। बता दें कि यूं तो पूरी दुनिया में कई धर्म, संस्कृति और परंपराएं हैं, लेकिन इंसानों द्वारा बनाई गई इन तमाम रीति-रिवाजों और आस्थाओं का एक ही मकसद है, और वो है मानवता, शांति और भाईचारा। भगवान गौतम बुद्ध से शुरू हुए इन्हीं धर्मों में से एक बौद्ध धर्म के अनुयायी आज पूरी दुनिया में फैले हुए हैं। बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध के बाद सबसे ऊंचा अगर किसी का स्थान होता है तो वो होता है दलाई लामा का। बौद्ध धर्म के अनुयायी दलाई लामा को अपने भगवान के रूप में देखते हैं। दलाई लामा तिब्बती बौद्धों के अध्यात्मिक, धार्मिक और राजनीतिक गुरु होते हैं। तिब्बती बौद्धों में दलाई लामा का चुनाव करने के लिए एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है। तिब्बतियों के 14वें गुरू दलाई लामा तेनज़िन ग्यात्सो की उम्र और तबियत बिगड़ने के साथ ही नए दलाई लामा के चुनाव को लेकर चर्चा का दौर तेज हो गया है।



## ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराई, 8 बोगियां पलटीं, कई यात्री घायल

**बालासोर एजेंसी।** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। ट्रेन की 8 बोगियां पलट गई हैं। वहीं, ट्रेन का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया। हादसे में कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। राहत और बचाव का काम चल रहा है। ट्रेन हावड़ा से चेन्नई जा रही थी। अभी तक 50 से अधिक यात्रियों को बहानागा के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। बालासिनोर और आसपास के अन्य जिलों से भी मेडिकल की टीम मदद के लिए रवाना हो गई है। इस रूट की सभी ट्रेनों को रोक दिया गया है। हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी किया है। एडिशनल डीएमईटी ने बताया कि 15 एंबुलेंस मौके पर भेज दी गई हैं।

## गुजरात के 6 गांव के 45 लोगों ने हिन्दू धर्म छोड़कर अपनाया बौद्ध धर्म



**पाटन एजेंसी।** जिले के 6 गांव के महिला, पुरुष और बच्चे समेत 45 लोगों ने एक साथ हिन्दू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म अंगीकार कर लिया। बौद्ध धर्म अपनाने वालों को कहना है कि आज भी उनके क्षेत्र में उन्हें अछूत माना जाता है, इसलिए हिन्दू धर्म छोड़ने का फैसला किया है। जिला कलेक्टर ने जब धर्म परिवर्तन करने वालों को जवाब तलब किया तो उन्होंने अपना जवाब भी दे दिया। जानकारी के मुताबिक पाटन जिले की सरस्वती तहसील के चारूप, वासणी, वदाणी, वागडोद, कोऑइटा और कानोसरण गांव के 45 लोगों ने एक साथ धर्म परिवर्तन कर लिया। सभी ने हिन्दू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म अंगीकार कर लिया। धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। धर्म परिवर्तन करने वालों का कहना है कि आजादी के बाद भी अनुसूचित समाज के बारात नहीं निकाल सकते। बाबुलाल रोहित के मुताबिक 21वीं सदी में पाटन जिले के कई गांव में अस्पृश्यता बरकरार है। छूआछूत और असमानता से परेशान होकर अनुसूचित जाति के लोगों ने धर्म परिवर्तन का फैसला किया है। साथ ही यह भी कहा कि बौद्ध धर्म में समानता है।

### ज्ञानवापी केस में हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी, कहा-

## जब साल में एक बार पूजा से मस्जिद के चरित्र को खतरा नहीं, तो रोजाना पूजा से क्या चरित्र बदलेगा

**इलाहाबाद एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी के श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा अधिकार मामले में अपने फैसले में अहम कमेंट किए। बुधवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा, वर्तमान में साल में एक बार पूजा की अनुमति है। जब साल में एक बार पूजा से मस्जिद के चरित्र को कोई खतरा नहीं होता। तो रोजाना या साप्ताहिक पूजा से मस्जिद के चरित्र में बदलाव कैसे हो सकता है? कोर्ट ने कहा, 1990 तक रोजाना मां श्रृंगार गौरी, हनुमान व गणेश देवता की पूजा होती थी। बाद में साल में एक बार पूजा की अनुमति है। तो सरकार या स्थानीय प्रशासन रेगुलेशन से नियमित पूजा की व्यवस्था कर सकती है। इसका कानून से कोई संबंध नहीं। यह प्रशासन और सरकार के स्तर तक मामला है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि 1993 में हिंदू समुदाय द्वारा श्रृंगार गौरी की पूजा रोकने के बाद कई सालों तक पूजा के लिए कानूनी कदम नहीं उठाया। फिर 2021 में हिंदू पक्षकारों को पूजा करने से रोक दिया गया। इससे इनके प्रतिदिन पूजा के अधिकार की मांग समाप्त नहीं होती है। इस पर लिमिटेशंस कानून यानी उपासना स्थल कानून 1991 लागू नहीं होता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, अंजुमन इंतजामियां मसाजिद कमेटी इसे वक्फ संपत्ति बता रही है। हिंदू पक्षकारों द्वारा वक्फ संपत्ति को कब्जे में सौंपने या स्वामित्व में लेने की बात अपने सिविल वाद में नहीं की जा रही है।



## अमेरिका के सबसे प्रभावशाली उद्योगपति ने राहुल गांधी को डिनर पर बुलाया

**मुंबई एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राजतिलक के 350 साल पूरे होने पर देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने गुलामी की मानसिकता खत्म की। शिवाजी महाराज ने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। आज एक भारत-श्रेष्ठ भारत के विजन में शिवाजी महाराज के विचारों का ही प्रतिबिंब देखा जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा, शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस नई चेतना, नई ऊर्जा लेकर आया है। राष्ट्र कल्याण और लोक कल्याण उनकी शासन व्यवस्था के मूल तत्व रहे हैं। मैं आज छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन करता हूं। लोगों को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। आज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत के विजन में शिवाजी महाराज के विचारों का ही प्रतिबिंब दिखाता है।

### बुरहानपुर में अचानक मौसम बदलने से हादसा

## तेज आंधी से गिरा बीएसएनएल टॉवर इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के 3 कर्मचारी घायल

**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में तेज आंधी से बीएसएनएल का टॉवर गिर गया। टॉवर सीधे एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पर जा गिरा। जिससे वहां काम कर रहे 3 कर्मचारी घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएसएनएल का ये टॉवर शहर के लालबाग रोड पर सुभाष स्कूल के सामने बीएसएनएल कार्यालय में लगा था। शाम करीब साढ़े 6 बजे तेज आंधी चली। जिससे टॉवर दफ्तर के पीछे बने इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पर गिरा। टॉवर गिरने का वीडियो भी सामने आया है। बीएसएनएल दफ्तर के ठीक पीछे मार्केट और औद्योगिक क्षेत्र हैं। जहां कुछ प्लास्टिक निर्माण कंपनी के कारखाने हैं। जिस जगह टावर गिरा वहां इलेक्ट्रानिक शोरुम है। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।

### शाम 6 बजे से मौसम का मिजाज बदला

बुरहानपुर में शाम करीब 6 बजे से तेज हवाएं चलने लगी। कुछ देर बारिश भी हुई। तेज हवाएं चलने से कई जगहों पर पेड़ भी गिरे। अंडा बाजार में रात 8 बजे एक गुलमोहर का पेड़ गिर गया। इससे पहले अन्य जगह पर भी पेड़ गिरने की घटनाएं हुई। बिजली कंपनी ने सुरक्षा के लिहाज से बिजली की सप्लाई बंद कर दी। करीब एक घंटे के बाद बिजली सेवा बहाल की गई।



**मानसून की एंट्री खंडवा, खरगोन-बुरहानपुर के रास्ते!**

मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर के रास्ते हो सकती है। पिछले साल भी मानसून यहीं से आया था। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 18 से 20 जून के बीच मानसून प्रदेश में एक्टिव हो सकता है। बड़े शहरों में इंदौर-भोपाल में सबसे पहले आएगा। फिर जबलपुर और ग्वालियर में बादल बरसेंगे। 3 जून से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने से गर्मी का असर नहीं रहेगा, जिससे टेम्प्रेचर में गिरावट होगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अबकी बार एमपी के साउथ वेस्ट और साउथ ईस्ट से मानसून एंट्री करेगा। पिछले साल खंडवा, खरगोन के रास्ते मानसून ने एंट्री की थी। इस बार भी यही संभावना है। शुक्रवार को मध्यप्रदेश में मौसम का मिला-जुला असर रहा। सागर में 8 मिमी बारिश हुई, जबकि भोपाल-इंदौर और ग्वालियर में तापमान 40 डिग्री के नीचे रहा। हालांकि, जबलपुर समेत 12 शहर ऐसे रहे, जहां तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

### खापों का सरकार को अल्टीमेटमः कहा-

## बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं तो 9 जून को रेसलर फिर जंतर-मंतर पर बैठेंगे; एफआईआर में टी-शर्ट उतरवाने का आरोप

**नई दिल्ली एजेंसी।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों के समर्थन में शुक्रवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में खापों और किसान संगठनों की महापंचायत हुई। लगभग 5 घंटे चली इस महापंचायत में केंद्र सरकार को 9 जून तक का अल्टीमेटम दिया गया। किसान नेता राकेश टिकैत ने महापंचायत में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। टिकैत ने कहा- अगर सरकार ने 9 जून तक बृजभूषण को गिरफ्तार न किया और पहलवानों पर दर्ज केस वापस नहीं लिए तो खाप नेता खुद पहलवानों को दोबारा जंतर-मंतर पर धरने पर बैठाने जाएंगे। इससे पहले बृजभूषण ने 5 जून को अयोध्या में होने वाली अपनी महारैली रद्द कर दी। सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण ने बीजेपी हाईकमान के कहने पर रैली को कैंसिल किया। हाईकमान ने उन्हें बयानबाजी से बचने की भी नसीहत दी है। इस बीच बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर में पहलवानों ने आरोप लगाया है कि बृजभूषण ने कथित रूप से कई बार छेड़छाड़ की। गलत तरीके से उन्हें छुआ। यहां तक कि सांस चेक करने के बहाने उनकी टी-शर्ट उतारी। नाबालिग पहलवान का आरोप है कि बृजभूषण ने उससे फिजिकल रिलेशन की डिमांड की थी।



### क्रिकेट टीम का रेसलर्स का समर्थन

1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेट टीम ने किया रेसलर्स का समर्थन वर्ष 1983 का वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों का समर्थन किया है। कपिल देव की अगुवाई वाली टीम में शामिल सुनील गावस्कर, रोजर बिन्नी, दिलीप वेंगसरकर और मदनलाल समेत कई खिलाड़ियों ने जाइंट स्टेटमेंट में लिखा- 'हम पहलवानों के साथ हो रही बदतमीजी से व्यथित हैं। हमें चिंता इस बात की है कि वे अपनी मेहनत की कमाई को गंगा नदी में बहाने की सोच रहे हैं।

समय

सीधी, शनिवार 3 जून 2023

# पहले दो चरण में 34 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की होगी एफएलसी

**भोपाल, नप्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा तैयारियाँ शुरू कर दी गई है। पहले दो चरण में 34 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की जिला स्तर पर एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) के लिए संबंधित जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य 7 एवं 10 जून को किया जाएगा। जिला स्तर पर होने वाला यह कार्य बेल (भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बेंगलुरू) के इंजीनियर्स द्वारा किया जाएगा। इसकी सूचना जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को भी दी जाएगी।

**7 जून को 15 जिलों में एफएलसी होगी:** 7 जून को 15 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी का एफएलसी होगी। इसमें गुना, निवाड़ी, रीवा, अनूपपुर, कटनी, जबलपुर, मंडला, बैतूल, भोपाल, आगर-मालवा, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच एवं मुरैना जिला शामिल है।

**10 जून को 19 जिलों में एफएलसी होगी :** 10 जून को 19 जिलों में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी होगी। इसमें श्योपुर, भिंड, दतिया, अशोकनगर, छतरपुर, पन्ना, सतना, सिंगरौली, उमरिया, सिवनी, नरसिंहपुर, हरदा, नर्मदापुरम, सीहोर, शाजापुर, बुरहानपुर, बड़वानी, झाबुआ एवं धार जिला शामिल है।

# लाइंस क्लब भोपाल मेजेस्टिक ने किया निगम कर्मियों का सम्मान

**भोपाल ।** भोपाल गौरव दिवस के मौके पर लायंस क्लब भोपाल मैजेस्टिक ने नगर निगम के 25 स्वच्छता योद्धओं का सम्मान समारोह बघीरा अपार्टमेंट में रखा 7 बघीरा के रहवासियों के साथ बड़ी संख्या में लायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ प्रकाश सेठ ,रीजन चेयरपर्सन लायन चढ़ार सर ,जोन चेयरपर्सन लायन अनीता मिश्रा ,लायन रवि सक्सेना,लायन रीता दलेला लायन रेनू नायक लायन संगीता त्रिपाठी लायन सीमा सक्सेना (डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन स्वच्छ भारत मिशन )लायन सुयश कुलश्रेष्ठ ,लायन सुषमा कुलश्रेष्ठ ,लायन शरण सर ,लायन रणजीत अरोरा ,लायन हरीश गहलोत , लायन बाटले ,लायन राजेश सुखरामानी ने गौरव दिवस के अलावा भी भोपाल को स्वच्छतम शहर बनाने का संकल्प लिया।

# जिला पंचायत सीईओ 17 विभागों के होंगे नोडल अधिकारी

**भोपाल ।** कलेक्टर आशीष सिंह ने जिला पंचायत सीईओ को जिले में 17 विभागों की संचालित हो रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। जिला स्तरीय 17 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी से समय-समय पर नोडल अधिकारी को अवगत करायें। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत जिला स्तर पर विभागवार नस्तियों के संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिविल सर्जन, 1250 चिकित्सालय, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहायक संचालक मत्स्य, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास, उपायुक्त सहकारिता, जिला खाद्य अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला प्रबंधक वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, जिला विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति कल्याण, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संचालित योजनाओं की जानकारी से सीईओ को अवगत करायेंगे। जिसे नोडल अधिकारी संचालित योजना को अघतन जानकारी से समय समय पर कलेक्टर को अवगत कराएंगे और उन्हीं के माध्यम से नस्तियां प्रस्तुत की जाएंगी।

# 139 करोड़ रूपये से होगा रीवा जिले में विद्युत अधो-संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण

**भोपाल।** रीवा जिले की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने एवं विद्युत हानियों को कम करने के लिए 139 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं। इसमें से केन्द्र सरकार द्वारा रिवेंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के प्रथम चरण में 91 करोड़ रूपये और राज्य सरकार द्वारा 48 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया हे कि स्वीकृत राशि से कराये जाने वाले कार्यों में 35 किलोमीटर 132 के.व्ही. लाइन निर्माण, 220/132 के.व्ही. अति उच्च दाब पॉवर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि, 6 नवीन 33/11 के.व्ही. उप केंद्र निर्माण, वोल्टेज व्यवस्था के सुधार के लिए 40 स्थानों पर केपेसिटर बैंक स्थापना, 93 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण कार्य, 1944 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, 5903 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग कार्य एवं 364 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण तथा कंडक्टर क्षमता वृद्धि के कार्य सम्मिलित हैं।

# कैंसर स्क्रीनिंग शिविर लगाकर मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**भोपाल, नप्र।** नजीराबाद बैरसिया सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु के निर्देशन में बुधवार को सिविल अस्पताल बैरसिया में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप लगाकर विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरू द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने साल 2007 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की थी। जिसका उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना एवं तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम करना, कोप्टा के प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना था। आज स्वास्थ्य टीम बैरसिया ने नुक्कड़ नाटक और पोस्टर बैनर की मदद से नागरिकों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और नागरिकों को तम्बाकू छोड़ने की सलाह दी। दंतशल्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं उत्पादक देश है। विश्व स्तर पर तंबाकू के सेवन की वजह से करीब 80 लाख और भारत में तंबाकू के सेवन से 13 लाख लोग हर साल अपनी जान गवां देते है। चीन और संयुक्त राज्य (अमेरिका) के बाद कैंसर के मरीजों के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। यहां मुंह के कैंसर का 90 प्रतिशत कारण तंबाकू है बल्कि अब भारत को दुनिया भर में मुंह के कैंसर की राजधानी के रूप में देखा जाने लगा है। पूर्व सीबीएमओ बैरसिया स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. किरण वाडीवा ने बताया कि विश्व भर में धूम्रपान करने वाली महिलाओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। हालांकि इसकी वजह से महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसमें गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और हृदय संबंधी जोखिम इत्यादि शामिल है। इस साल के विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम हमें भोजन की जरूरत है तंबाकू की



नहीं है। इस थीम पर शासकीय कन्या शाला स्कूल और एलएनसीटी के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक किए। कार्यक्रम में डॉ. मीना वर्मा, डॉ. शालिनी दीक्षित, डॉ. वरुण कुमार, डॉ. भावना, बी.पी.एम. मनोज मेहर सुपरवाइजर, सहित एल.एन. सी.टी. कॉलेज और कन्या शाला के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# एम.पी. ट्रांसको ने स्थापित किया चंबल क्षेत्र में पहला 200 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर

**भोपाल।** एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने चंबल क्षेत्र का पहला 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ग्वालियर क्षेत्र में भिण्ड जिले के 220 के.व्ही. सबस्टेशनमेहगांव (ग्वालियर) में स्थापित कर ऊर्जीकृत करने में सफलता पायी है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने एम.पी. ट्रांसकों के कार्मिकों को इस सफलता पर बधाई देते हुये बताया कि मेहगांव में लगभग 7.5 करोड रूपये की अनुमानित लागत से 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का यह पावर ट्रांसफार्मर चंबल क्षेत्र में प्रथम बार स्थापित किया गया है। श्री तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि इसलिये भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि एम.पी. ट्रांसकों नवाचार अपनाते हुये एडवांस टेक्नालाजी का उपयोग कर ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण लगातार रिमोट से सफलतापूर्वक कर रहा है।






# अशोक मारन बने ब्लॉक अध्यक्ष, घनश्याम लालवानी व आनंद सबधानी बने उपाध्यक्ष



**भोपाल, नप्र।** संत हिरदाराम नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की घोषणा आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी व प्रभारी मुकेश नायक की सहमति स्वामी शांति प्रकाश धर्मशाला में जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा की गई । जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद अशोक मारन, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी व आनंद सबधानी को मनोनीत किया गया । जैसा कि विगत 18 वर्षो के बाद ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नये चेहरे को बिठाया गया है जबकि पूर्व में स्वर्गीय नानक चंदनानी ब्लॉक अध्यक्ष थे ।

जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने कहा कि 2023 में चुनाव से पूर्व मण्डलम सेक्टर और बूथ अध्यक्षों के माध्यम से संत नगर में कांग्रेस की एक बड़ी टीम खड़ी करे एवं व्यापारी, युवा एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये संगठन को बढ़ाये । पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा ने कहा कि चुनाव पूर्व संगठन की तैयारी सबको मिलजुलकर कार्य करना है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाना है ।

इस अवसर पर नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारन ने कहा कि जो पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी हैं उसमें मैं पूरी निष्ठा से कार्य करते हुये पार्टी संगठन में नये-नये सदस्यों को जोड़कर व्यापारी बंधुओं को जोड़कर व सक्रिय युवाओं व महिलाओं की एक टीम, संत नगर में खड़ी करेंगे ।

प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी द्वारा दिया गया वचन नारी सम्मान योजना के 1500 रू. प्रतिमाह, 100 यूनिट तक बिजली फ्री, 500 रू. में गैस, इनके फार्म भराकर संत नगर के प्रत्येक व्यक्ति से संपर्क साधेंगे । जिससे आने वाले चुनाव में हम संत नगर के लोगों को कांग्रेस की ओर मोड़ सके । इस अवसर पर उप ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधानी ने भी संगठन की मजदूरी पर अपने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन माधु चांदवानी एवं आभार घनश्याम लालवानी ने प्रकट किया । इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ पूर्व सैनिक विभाग के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तेजासिंह सोडी का भी सम्मान किया गया । इस अवसर पर राज मनवानी, रामभरोसे भगवानिया, मोहनलाल चंदनानी, मण्डलम अध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश सांवले, नरेन्द्र केवलानी, सुरेश सिंगरोली, अनिल टेकचंदानी, जितेश खानचंदानी, जेकी गोस्वामी, हरीश वलेछा, दयाल सत्तानी, दिनेश विश्वकर्मा, मनोज सत्तानी, लक्ष्मण वासवानी, विष्णु मारन, जगदीश सांवले, आत्माराम सूर्यवंशी, राजेश लोहट, ब्लॉक अध्यक्ष पूनम यादव, सोनू जैन, सोनू मीना, राम लेखवानी, राजू वर्मा, प्रकाश वीधानी, कन्हैया राजदेव, अंकित सिंह, प्रेमकुमार पठानी, दयाल दोलतानी, बद्री सिंगरोली, शिवओम भार्गव, जानकीलाल भारानी, ओमप्रकाश नामदेव, बबलू टेकचंदानी, राजेश लीलानी,

## सात जिलों में लागू होगा पायलट प्रोजेक्ट

# सड़क के गढ्ढे भरने में इस्तेमाल होगी नई तकनीकः मंत्री भार्गव

**भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि प्रदेश में सड़कों के गड्ढे रिपेयरिंग के लिए नवीन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इस तकनीक से कम समय में बेहतर गुणवत्ता से कार्य किया जा सकेगा। प्रदेश में यह तकनीक प्रथम चरण के 7 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि बारिश और क्षमता से अधिक वजन के वाहनों के ट्रेफिक के कारण सड़कों पर गड्ढे हो जाते हैं। सड़क रिपेयरिंग का कार्य गुणवत्ता के साथ सतत रूप से किया जाता है, लेकिन रिपेयरिंग कार्य में लगने वाला समय और उसकी गुणवत्ता पर प्रश्न-चिन्ह खड़े किए जाते हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के गड्ढे रिपेयरिंग की नवीन आधुनिक तकनीक जेट पेंचर, वेलोसिटी पेंचर तथा इंफ्रारेड को अपनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इंफ्रारेड रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी, जेट पेंचर तकनीक और वेलोसिटी पेंचर रिपेयर तकनीक को लागू करने से पहले विभाग के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों द्वारा विस्तृत अध्ययन किया गया है।






# भोपाल जिले के सिकंदराबाद में ब्लॉक स्तरीय आयुष मेला 3 जून को

**भोपाल।** भोपाल जिले के फंदा ब्लॉक के ग्राम सिकंदराबाद में 3 जून को ब्लॉक स्तरीय आयुष मेला लगाया जाएगा। आयुष मेला भोपाल के शासकीय हकीम सैयद जियाउल हसन यूनानी अस्पताल द्वारा लगाया जा रहा है। आयुष मेले में ग्रामीणों को नि:शुल्क यूनानी औषधियों का वितरण और चिकित्सीय परामर्श दिया जायेगा। यूनानी चिकित्सालय द्वारा योग प्रदर्शनी लगाई जायेगी और औषधीय पौधों का वितरण किया जायेगा। श्रीअन्न (मोटे अनाज) से तैयार किये जाने वाले व्यंजनों की जानकारी दी जायेगी। निःशुल्क शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक लगाया जायेगा।













## न्यूज ट्रेक

### ड्रोन इमरजेंसी रेस्पॉस सिस्टम शुरू

**पठानकोट, (एजेंसी)।** पंजाब पुलिस ने जिला पठानकोट के सरहदी क्षेत्र में मादक पदार्थों के तस्करों की ड्रोन गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए ड्रोन एमरजेंसी रेस्पॉस सिस्टम शुरू कर दिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के दिशा निर्देश पर बुधवार को पठानकोट पुलिस द्वारा बार्डर विलेज लेवल डिफेंस कमेटी (वी ऐलडीसी) की एजेंसियों और सीमा सुरक्षा के साथ मीटिंग कर उनको जरूरी सामग्री वितरित की जिससे पुलिस उभरती हुई चुनौतियों से निपटने और किसी भी ऐसी स्थिति में 15 से 20 मिनट में घटनास्थल पर पहुँच कर कार्रवाई में सक्षम हो गई है। श्री यादव ने एलान किया कि नशा संबंधी मिली किसी भी सूचना को न सिर्फ गुप्त रखा जाएगा, बल्कि ऐसी सूचना के आधार पर यदि कोई बरामदगी होती है तो सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम भी दिया जाएगा।

### रूस में जर्मनी ने चार वाणिज्य दूतावास बंद किए

**मास्को, (एजेंसी)।** रूस में जर्मन दूतावास में कर्मचारियों की संख्या सीमित किए जाने के बाद जर्मनी ने भी जवाबी कार्रवाई की है। मॉस्को के कदम के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए बर्लिन ने उसे जर्मनी में स्थित पांच रूसी वाणिज्य दूतावास में से चार को बंद करने को कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्रिस्टोफर बर्जर ने बुधवार को यहां संवाददातओं से कहा कि इस कदम का मकसद दोनों देशों के बीच कर्मचारियों और संस्थानों की संख्या को बराबर रखना है। रूसी सरकार ने हाल में कहा था कि अधिकतम 350 जर्मन सरकारी अधिकारी रूस में मौजूद रह सकते हैं।

### राज्यवर्धन सिंह परमार उज्जैन से गिरफ्तार

**उज्जैन/लखनऊ, (आरएनएन)।** यूपी भवन में यौन शोषण मामले में आरोपी महाराणा प्रताप सेना के अध्यक्ष राज्यवर्धन सिंह परमार को पुलिस ने उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस राज्यवर्धन सिंह को दिल्ली लेकर आ रही है। महिला का आरोप है कि महाराणा प्रताप सेना के अध्यक्ष राज्यवर्धन सिंह ने दो बड़े मंत्रियों से मुलाकात के नाम पर यूपी भवन बुलाया था। इतना ही नहीं बड़े अधिकारी के लिए कमरा देने के नाम पर कमरा नंबर 122 खुलवाया। आरोप है कि राज्यवर्धन सिंह ने महिला के साथ यौन शोषण किया।



### फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए आज से खुली

**चमोली, (एजेंसी)।** विश्व धरोहर फूलों की घाटी एक जून यानी गुरुवार को से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के डीएफओ भारत भूषण मार्तोलिया ने बताया एक जून से सैलानियों के लिये खोली जाने वाली फूलों की घाटी तक पहुंचने के लिए नन्दा देवी वन प्रभाग प्रशासन ने घाटी तक ट्रैक को आवाजाही के लिए खोल दिया है। फूलों की घाटी व हेमकुंड क्षेत्र में अधिक बर्फबारी हुई है करीब दो किमी तक बर्फ हटाने के बाद नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क प्रशासन की ओर से घाटी तक ट्रेक आवाजाही के लिए खोल दिया है। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के दल ने बताया कि फूलों की घाटी के निचले हिस्से में बर्फ पिघलने के बाद फूलों का खिलना शुरू हो जाएगा।

### कांस्टेबलों के रिक्त पदों को भरने दो वर्ष की छूट

**ईटानगर, (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा तीन मई को दिये गए विज्ञापन में कांस्टेबलों के रिक्त पदों को भरने के लिए 22 वर्ष की निर्धारित आयु सीमा से ऊपर दो वर्ष की एक बार की छूट सहित कई अन्य फैसलों को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यहां कहा गया है कि इस कदम से राज्य पुलिस बल में नौकरी पाने के इच्छुक युवाओं को अधिक अवसर मिलेंगे।

### यूक्रेन ने रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया

रुस। यूक्रेन की एयरफोर्स ने दावा किया है कि उन्होंने रूस की सबसे एडवांस हाइपरसोनिक मिसाइल किंजल को अमेरिका के पैट्रियट डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया। एयरफोर्स के प्रवक्त ा युरी इहनात ने यूक्रेन के चैनल 24 को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा, रूस कह रहा था कि अमेरिका का पैट्रियट मिसाइल सिस्टम पुराना और रूस के हथियार पूरी दुनिया में सबसे बेहतर हैं। अब किंजल का हवा में ढेर होना उनके मूंह पर तमाचा है।

# 11 दिन से रुका मानसून आगे बढ़ा, दिल्ली में 5 डिग्री कम दर्ज हुआ पारा

## अगले 4 दिनों तक नौ राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नौतपा के छठे दिन भी मौसम ठंडा रहा। पिछले 11 दिनों से रुका मानसून बंगाल की खाड़ी में आगे बढ़ा है। आईएमडी के मुताबिक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, उत्तराखंड और हरियाणा में अगले चार दिन हल्की से भारी बारिश होने के आसार हैं। बाकी राज्यों में मौसम सामान्य रहेगा। केरल में आमतौर पर मानसून एक जून के आसपास पहुंच जाता है और जुलाई मध्य तक पूरे देश को कवर कर लेता है। इस साल केरल में मानसून की शुरुआत में थोड़ी देरी होने की संभावना है। इधर, दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान औसत से पांच डिग्री नीचे दर्ज किया गया है।

**मध्यप्रदेश में जून की शुरुआत आंधी-बारिश से होगी, नया सिस्टम एक्टिव होने के आसार :** नौतपा खत्म होने को है। बुधवार को इसका सातवां दिन है लेकिन मध्यप्रदेश में यह अब तक बेअसर ही दिखा है। प्रदेश के अधिकतर जिलों में फिलहाल बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम का ये हाल जून की शुरुआत में भी रहेगा। 3 से 5 जून तक ग्वालियर और चंबल में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव रहेगा।



**राजस्थान के 27 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, जयपुर-सीकर में बरसात :** राजस्थान के 27 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इन जिलों में 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी दी है। इधर, राज्य में पिछले 48 घंटे में बारिश से अधिकतम तापमान में 14 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है।

**बिहार में 13 दिनों तक मौसम सामान्य रहने के बाद फिर चढ़ा पारा, 1-3 जून तक चलेगी लू:** बिहार में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। मंगलवार को 16 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। अररिया और कटिहार में हीट वेव की स्थिति बनी रही। दो जून से लू चलनी शुरू हो जाएगी। वहीं हरियाणा के 10 जिलों में सुबह से ही बूंदाबांदी और आंधी का दौर चल रहा है। रात को महेंद्रगढ़ में जहां 15 एमएम बारिश दर्ज हुई है, वहीं सोनीपत, रेवाड़ी, गुरुग्राम, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व फतेहाबाद में भी बारिश हुई। अगले कुछ घंटों में 10 जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी और बारिश होने की संभावना है।

**हिमाचल में रिकॉर्ड तोड़ बारिश और ठंड, इस महीने 84 फीसदी ज्यादा बरसे बादल :** हिमाचल प्रदेश में मई महीने की बारिश और ठंड ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। मई के आखिरी सप्ताह में 25 से 31 तारीख तक नॉर्मल से 342 फीसदी ज्यादा और एक से 30 मई तक सामान्य से औसत 84 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है।

### कटिहार में पीएफआई नेता के यहां छापेमारी

# बिहार, कर्नाटक, केरल समेत 25 ठिकानों पर एनआईए की रेड

**पटना ■ एजेंसी**

पीएफआई के फुलवारीशरीफ मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार, कर्नाटक और केरल में करीब 25 ठिकानों पर रेड मारी है। एनआईए की टीम ने कटिहार के हसनगंज थाना क्षेत्र के मुजफ्फर टोला में लगभग 3 घंटे तक छापेमारी की। एनआईए की टीम ने नासिर हुसैन के घर कई दस्तावेज को खंगाला। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो एनआईए पूछताछ के लिए महबूब आलम नदवी के भाई मोहम्मद जावेद को अपने साथ ले गई है। हालांकि, आधिकारिक रूप से अब तक इसकी कोई पुष्टि नहीं है।

कटिहार में भी एनआईए के छापे में पीएफआई नेता के घर ढाई घंटे तलाशी चली।



घर पर छिपे होने की सूचना मिली थी। जुलाई 2022 में पटना के फुलवारीशरीफ में पुलिस की रेड में पीएफआई से जुड़े कुछ लोग पकड़े गए थे। छापेमारी में इंडिया 2047 नाम का सात पेज का डॉक्यूमेंट भी मिला है। इसमें अगले 25 साल में भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की प्लानिंग की गई थी। इसी टारगेट को पूरा करने के लिए मुस्लिम युवाओं को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। उस समय छह लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसमें पूछताछ में पता चला था कि 12 जुलाई को पटना आ रहे पीएम नरेंद्र मोदी पर ये हमला करना चाहते थे। इसके लिए उन्हें 15 दिन से ट्रेनिंग दी जा रही थी। इसको लेकर पहले पटना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में मामला एनआईए के पास चला गया। तब से एनआईए लगातार छापेमारी कर रही है।

इस साल 4-5 फरवरी को, एनआईए ने बिहार के मोतिहारी में आठ जगहों पर भी रेड मारी थी। दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जिन्होंने हत्या को अंजाम देने के लिए हथियार और गोला-बारूद की व्यवस्था की थी।

## आईएनएस विक्रांत पर रोमियो हेलिकॉप्टर पहली बार लैंड



भारत ने 90.5 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत 24 हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है, भारतीय नौसेना का एंटी सबमरीन हेलिकॉप्टर है एमएच60आर (रोमियो)। आईएनएस विक्रांत पर एमएच60आर हेलिकॉप्टर की लैंडिंग नौसेना के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारतीय नौसेना ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर एमएच 60आर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई है। आईएनएस विक्रांत पर इस तरह की यह पहली लैंडिंग है। इसके साथ भारतीय नौसेना की एंटी-सबमरीन वारफेयर और फ्लीट सपोर्ट क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है नौसेना ने पहली सफल लैंडिंग का वीडियो साझा किया।

## आरपीएफ ने ट्रेन सवार 59 बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया, पांच गिरफ्तार

**नासिक, (एजेंसी)।** मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार को बिहार-पुणे ट्रेन में अभियान चलाकर 59 बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इन बच्चों को महाराष्ट्र के जलगांव और नासिक जिलों में क्रमशः भुसावल और मनमाड़ में दानापुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस ट्रेन से बचाया गया। आरपीएफ के अधिकारी ने बताया, कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर, स्थानीय पुलिस और एक एनजीओ के सदस्यों के साथ आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और भुसावल स्टेशन पर जांच की। इस दौरान ट्रेन में आठ से 15 साल की उम्र के कुल 29 बच्चों को बचाया गया। बाद में, मनमाड में ट्रेन से उसी आयु-वर्ग के 30 और बच्चों को बचाया गया और मानव तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान %ऑपरेशन आहट% के तहत चलाया गया था। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन बच्चों को बिहार से लाया जा रहा था और उन्हें सांगली भेजा जाना था। पांचों आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी विरोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया।

## म्यांमार से लगे मोरेह में कूकी समुदाय के संगठनों से मिले अमित शाह



### कहा- जल्द बहाल होगी शांति

**इंफाल, (एजेंसी)।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में गृह मंत्री अमित शाह का बुधवार को तीसरा दिन था। शाह बुधवार सुबह म्यांमार बॉर्डर से लगे मोरेह शहर पहुंचे। उन्होंने यहां कूकी समुदाय के संगठनों के साथ बैठक की।

शाह ने कहा कि मणिपुर में जल्द शांति बहाल होगी। इसके लिए प्रयास जारी है। शाम को वे वापस इंफाल जाएंगे और यहां भी सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। मंगलवार को उन्होंने मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षाकर्मियों के साथ बैठक में शाह ने कहा, मणिपुर की शांति और समृद्धि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और अधिकारियों को राज्य की शांति को भंग करने वाली किसी भी गतिविधि से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

# अमेरिका में राहुल फोन उठाकर बोले- हैलो मोदी जी

### कहा : मेरा फोन टैप किया जा रहा ; मैंने नहीं सोचा था मेरी सासंदी चली जाएगी

**कैलिफोर्निया।** कांग्रेस लीडर राहुल गांधी 6 दिन के अमेरिका दौरे पर गए हैं। उन्होंने सिलिकॉन वैली में बुधवार को ढ्ढ क्षेत्र में स्टार्ट-अप शुरू करने वाले कई बिजनेसमैन से मुलाकात की। इस दौरान पेगासस स्पाईवेयर पर चर्चा करते हुए राहुल ने कहा- मुझे पता है कि मेरा फोन टैप हो रहा है। इसके बाद उन्होंने अपना फोन उठाया और बोले- हैलो, मोदी जी।

यात्रा के दौरान बुधवार शाम को राहुल गांधी स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहां उन्होंने छात्रों से कहा- भारत में लोकतंत्र को लेकर जंग छिड़ी हुई है। कोई भी संस्था अपने मुताबिक काम नहीं कर पा रही है। लोकतंत्र का मतलब सिर्फ विपक्ष का होना नहीं होता, बल्कि लोकतंत्र का मतलब होता है कि संस्थाएं विपक्ष का साथ दें। लेकिन हमारे देश में संस्थाएं किसी और के हाथ में हैं।

#### राहुल बोले- सरकार के पास मुझसे जुड़ी हर जानकारी

सिलिकॉन वैली के प्लग एंड प्ले ऑडिटोरियम में राहुल के साथ ढ्ढह्रष्ट चेयरमैन सैम पित्रोदा और कई कांग्रेस नेता मौजूद थे।

राहुल ने कहा- अगर आपको देश में टेक्नोलॉजी का विस्तार करना है तो एक ऐसा सिस्टम होना चाहिए, जहां पावर किसी एक के पास नहीं बल्कि सबके पास हो। भारत में डेटा की सेफ्टी को लेकर भी नियम बनाने की जरूरत है। मुझे लगता है कि मेरा आईफोन टैप किया जा रहा है। अगर कोई देश ये तय कर ले कि आपका फोन टैप करना है तो फिर इसे रोका नहीं जा सकता। मुझे लगता है कि मैं जो भी करता हूं सरकार को उसकी पूरी जानकारी होती है।

#### राहुल गांधी ने कहा- देश में लोकतंत्र पर जंग छिड़ी



स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में राहुल ने अपनी सांसदी जाने पर कहा कि मैं 2004 में राजनीति में आया था। तब मैंने ये नहीं सोचा था कि कुछ बोलने भर से सांसदी जा सकती है। मैं शायद पहला इंसान हूं जिसे अवमानना की इतनी बड़ी सजा मिली है, लेकिन अब मुझे लगता है कि संसद में बैठे रहने के मुकाबले अब ज्यादा मौके मिलेंगे। राहुल ने कहा- लोकतंत्र में संस्थाओं को खतरे में देखकर हमने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी।

125 लोगों से शुरू हुआ सफर लाखों तक पहुंचा- भारत जोड़ो पर राहुल राहुल ने कहा- 125 लोगों से शुरू हुआ सफर लाखों तक पहुंचा। कई लोगों ने मुझसे पूछा कि इस यात्रा से क्या सीखा। ये मेरी जिंदगी का सबसे सुखद अनुभव रहा है। हमने खेती से लेकर, हेल्थकेयर, शिक्षा तक के बारे में लोगों को बताया। हमारे देश में राजनीति और आम लोगों में एक बड़ा फासला है।

राहुल ने कहा- सत्ता के पास पुलिस, मीडिया जैसी सभी संस्थाएं हैं, लेकिन फिर भी वो हमें रोक नहीं पाए। हमसे कहा गया कि कश्मीर की सड़कों पर आप चलेंगे तो 4 दिन में मार दिए जाएंगे। मैंने कहा, ओके, नो प्रॉब्लम। महात्मा गांधी ने भी अकेले बिना किसी फोर्स के अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी थी।

राहुल गांधी ने छात्रों से कहा कि वो किसी विदेशी सपोर्ट की उम्मीद में वहां नहीं पहुंचे हैं। उन्हें पता है कि ये उनकी लड़ाई है और वो इसे खुद लड़ेंगे। वो सिर्फ विदेश में भारतीय छात्रों से बात करके उनसे बेहतर रिश्ते बनाना चाहते हैं।

#### चीन भारत पर दबाव नहीं डाल सकता

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक भारतीय छात्र ने राहुल से पूछा कि आप अगले 5-10 साल में भारत-चीन के रिश्तों को कहां देखते हैं। इस पर राहुल ने कहा- दोनों देशों के बीच रिश्ते मुश्किल रहेंगे। उन्होंने हमारे कुछ क्षेत्रों पर कब्जा कर रखा है, लेकिन वो हम पर दबाव नहीं डाल सकते। साथ ही उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग पर मोदी सरकार की नीतियों का समर्थन किया।

उन्होंने कहा- रूस से हमारे पुराने संबंध हैं। हम कुछ मामलों में उस पर निर्भर हैं। भारत को अपने हितों को सबसे आगे रखना है। हम किसी एक से रिश्ते सुधारने की वजह से बाकियों से बातचीत बंद नहीं कर सकते। ऐसे में जंग को लेकर सरकार सही रणनीति अपना रही है। मैं भी ऐसा ही कुछ करता।

## बृजभूषण की गिरफ्तारी लायक पूरे सबूत नहीं : दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसे भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों को साबित करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए उसे पर्याप्त सबूत नहीं मिले। एक वरिष्ठ अधिकरी ने कहा कि पुलिस 15 दिनों के अंदर कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल करेगी।

अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान प्रमुख को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को अब तक पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। उनके (पहलवानों) दावों को साबित करने के लिए इसके समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला है। 15 दिन के भीतर कोर्ट में एक रिपोर्ट दाखिल की जाएगी जो आरोप पत्र या अंतिम रिपोर्ट के रूप में हो सकती है।

#### पाक्सो में एफआईआर करने वाली लड़की निकली बालिग

पाक्सो में एफआईआर करने वाली पहलवान की उम्र बालिग निकली जिसके बाद बृजभूषण शरण सिंह को थोड़ी राहत मिल गई है, अब उन पर पाक्सो एक्ट की धारा नहीं लगाई जाएगी।

### पहलवानों के विरोध पर बोले बृजभूषण- आरोप साबित हुआ तो खुद फांसी पर लटक जाऊंगा



**सब इमोशनल ड्रामा है**

'सब इमोशनल ड्रामा कर रहे हैं।' अगर मेरे खिलाफ आपके पास कोई सबूत है तो उसे पुलिस को दें और मुझ पर लगे सबूत साबित हुए तो मैं खुद फांसी पर लटकने के लिए तैयार हूं। ये कहना है रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह का। बृजभूषण ये बातें उप्र के बाराबंकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

## पंजाब सरकार में दो नए मंत्रियों ने ली शपथ



**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** पंजाब कैबिनेट के दो नये मंत्रियों ने बुधवार को शपथ ली। विधायक बलकार सिंह व विधायक गुरमीत सिंह खुडीयां ने मंत्री पद की शपथ ली। चंडीगढ़ स्थित पंजाब राज भवन में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने शपथ दिलाई। पंजाब सरकार के मंत्री व सीएम भगवंत मान इस दौरान मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा भी शपथ ग्रहण में पहुंचे। बलकार सिंह जालंधर में करतारपुर से विधायक हैं, जबकि खुडियां लांबी सीट से विधायक हैं। मान नीत कैबिनेट में अभी मुख्यमंत्री सहित 15 मंत्री हैं।

**किसे मिला कौन सा विभाग :** नए विधायकों के मंत्री पद शपथ लेने के बाद विभागों का बंटवारा भी नए सिरे से किया गया। गुरमीत सिंह मीत को जल, खनन, विज्ञान, खेल और जल और जमीन संरक्षण, कुलदीप सिंह धालीवाल को एनआरआई मामले और प्रशासनिक सुधार, लालजित सिंह भुल्लर को परिवहन और ग्रामीण विकास और पंचायत, बलकार सिंह को स्थानीय निकाय, संसदीय मामले और गुरमीत सिंह खुडियां को कृषि, पशु और खाद्य विभाग आवंटित किया गया है।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी को भेजेंगे लेटर

**अयोध्या, (ब्यूरो)।** राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों करवाने के लिए उनके पास एक निवेदन पत्र भेजा जाएगा। यह पत्र महंत नृत्यगोपाल दास के हस्?ताक्षर से भेजा जाए। यह फैसला श्रीराम जन्?मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में बुधवार को लिया गया। बैठक ट्रस्ट के अध्?यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के मठ मणिराम छावनी में हुई। बैठक में ट्रस्ट के 11 सदस्य उपस्थित रहे, जबकि संस्थापक सदस्य, के पराशरण ऑनलाइन जुड़े। इस लेटर में पीएम मोदी से कहा जाएगा कि वह दिसंबर 2023 से 26 जनवरी के बीच कोई अनुकूल तिथि के बारे में अपनी अनुमति दें।

## जापान में एनपीपी के संचालन को आगे बढ़ाने के लिए कानून पारित

### परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को 60 वर्षों से अधिक समय तक किया जाएगा संचालित

**टोक्यो, (एजेंसी)।** जापान की संसद के ऊपरी सदन ने बुधवार को परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) के संचालन को 60 वर्ष से आगे बढ़ाने के लिए एक कानून पारित किया।

जापान परमाणु ऊर्जा आयोग ने फरवरी में सरकार की योजना को मंजूरी दे दी, जिससे देश के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को 60 वर्षों से अधिक समय तक संचालित किया जा सके। अप्रैल के आखिरी महीने में, विधेयक को निचले सदन द्वारा पास किया गया था।फिलहाल, कानून बनाने के लिए प्रस्ताव में आवश्यकताओं के लिए भी प्रावधान किया गया है। विशेष रूप से, 30 साल के अभियान के बाद एनपीपी को हर 10 साल में सुरक्षा और उपकरण जांच करानी होगी। गौरतलब है कि 2011 में फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र में दुर्घटना के बाद से, जापान में परमाणु ऊर्जा के समर्थन की दिशा में उठाया गया यह पहला कदम है।

### भारत-चीन सीमा पर तनाव घटाने हुई डब्ल्यूएमसीसी की 27वीं बैठक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 27वीं बैठक बुधवार को यहां आयोजित की गई जिसमें दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शेष क्षेत्रों से सेना हटाने को लेकर कुछ प्रस्तावों चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने आज रात यहां बताया कि बैठक में विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वहीं चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक ने किया।

समय

## घाटी में हादसा

जम्मू-कश्मीर में एक बस के पुल से गिर जाने की घटना को आम हादसों की कड़ी में ही देखा जाएगा। अफसोस की बात यह है कि इस तरह के लगातार हादसों के बावजूद न तो सड़कों पर वाहन चलाने वाले लोग सावधानी बरतने को तैयार दिखते हैं, न ही संबंधित महकमे बचाव के पूर्व इंतजामों को लेकर गंभीर होते हैं। नतीजतन, एक के बाद एक दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं और उनमें नाहक ही लोगों की जान जाती रहती है। गौरतलब है कि मंगलवार को जम्मू में वैष्णो देवी के दर्शन के बाद लोगों को लेकर कटरा से अमृतसर जा रही एक बस रास्ते में बने एक पुल से नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और छियासठ अन्य घायल हो गए। हताहत यात्री बिहार के लखीसराय जिले से थे और बच्चे के एक धार्मिक अनुष्ठान के लिए गए थे। यानी किसी धार्मिक यात्रा के बाद खुशी की इच्छा में तीर्थयात्रा पर गए लोग वाहन चलाने में मामूली चूक की वजह से एक त्रासदी का शिकार हो गए। दस दिन के भीतर हुई इस तरह की यह दूसरी घटना है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं। विडंबना यह है कि पहाड़ी क्षेत्र में एक ही तरह से होने वाली दुर्घटना के उदाहरण बार-बार सामने आने के बावजूद उन इलाकों में वाहन चलाने वाले लोग कुछ वैसी बातों को लेकर सावधान रहने में चूक कर जाते हैं, जो दिखने में बिल्कुल छोटी होती हैं, लेकिन उसकी वजह से ही वाहन में सवार सभी लोगों की जान पर आफत आ सकती है। जम्मू में जो बस हादसे का शिकार हुई, वह दरअसल पुल से नीचे खाई में गिर गई। यानी किसी तकनीकी गड़बड़ी या फिर चालक की लापरवाही या गलती की वजह से बस नियंत्रण से बाहर हो गई और पुल का घेरा तोड़ती नीचे जा गिरी। लेकिन यह भी सच है कि पुल पर बना घेरा इतना मजबूत नहीं था कि किसी अनियंत्रित वाहन को नीचे गिरने से रोक सके। दूसरे, पहाड़ी इलाकों में वाहन चलाना सामान्य मैदानी इलाकों के मुकाबले ज्यादा जोखिम का काम होता है और उसमें चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

विचार

# लोगों को गरीब बनाता महंगा इलाज

जयप्रकाश त्रिपाठी

**देश में स्वास्थ्य सेवाएं महंगी ही नहीं होती जा रहीं, मरीजों को गरीब भी बना रही हैं। चिकित्सा खर्च इस कदर जेब पर भारी पड़ रहा है कि हर साल कर्ज लेकर, संपत्तियां बेचकर इलाज कराने वाली सात-आठ प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच जाती है। तैंतालीस फीसद कमाई इलाज पर खर्च हो जा रही है। ऐसे ज्यादातर मरीज कैंसर, हृदय और मानसिक रोगों से पीड़ित होते हैं। देश में स्वास्थ्य सेवाएं महंगी ही नहीं होती जा रहीं, मरीजों को गरीब भी बना रही हैं। लगातार बढ़ता चिकित्सा खर्च हर साल सात प्रतिशत आबादी को गरीबी रेखा के नीचे धकेल रहा है।**

आक्सफैम इंटरनेशनल की एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि अगर भारत के अरबपतियों की पूरी संपत्ति पर दो फीसद की दर से एकमुश्त कर लगा दिया जाए, तो उसी राशि से देश में तीन साल तक कुपोषितों के पोषण के लिए 40,423 करोड़ रुपए की जरूरत पूरी की जा सकती है। इसी तरह देश के दस सबसे अमीर अरबपतियों पर पांच प्रतिशत का एकमुश्त कर लगा कर साल भर के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के बजट की अच्छी-खासी भरपाई हो सकती है। हमारे देश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र योजना, जननी सुरक्षा योजना, सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) योजना, एनआरएचएम फ्लेक्सी पूल, राज्यों में 108 एंबुलेंस सेवा, इंद्रधनुष टीकाकरण, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता जैसी अनेक आधारभूत व्यवस्थाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, तृतीयक देखभाल कार्यक्रम, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (प्रजनन) आदि सरकारी इंतजामात के बावजूद दुनिया में सबसे ज्यादा (सालाना औसतन 11 लाख) नवजात बच्चों की मौतें भारत में हो रही हैं। हर साल दस लाख नवजात शिशुओं को गंभीर एचबीवी संक्रमण का खतरा रहता है। पैदा होने वाले प्रति एक हजार में से औसतन उनतीस नवजात की मौत हो जाती है। 'सेव द चिल्ड्रेन' संस्था के मुताबिक, विश्व में नवजात शिशुओं की कुल मौतों में से उनतीस फीसद अकेले भारत में होती हैं। गरीब परिवारों के लिए यह सच कितना



दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अपने बच्चों के इलाज का खर्च उठाने लायक नहीं रह गए हैं। अस्पतालों में भर्ती बच्चों पर केंद्रित एक अध्ययन से पता चलता है कि प्रति सौ परिवारों में से तेरह को इलाज में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे ज्यादातर परिवार अगली धार के कार्यकर्ताओं, जैसे आशा, आंगनबाड़ी, सहायक नर्स मिडवाइव्स की पहुंच से भी वंचित हैं। आयुष्मान भारत योजना के साथ भी पहुंच का सवाल जुड़ा है। बेतहाशा महंगे दवा-इलाज ने तेईस फीसद मरीजों को चिकित्सा से वंचित कर दिया है। सत्तर फीसद लोग अपनी जेब से इलाज करा रहे हैं। मेडिकल कालेजों, अस्पतालों, प्रशिक्षित डाक्टरों और नर्सों की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं तो पहले से ही चरमराई हुई हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी खर्च एक दशक से ऊंट के मुंह में जीरा की तरह सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 1.3 प्रतिशत पर ही टिका हुआ है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हाल यह है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भूटान, श्रीलंका और नेपाल जैसे गरीब देशों का भी सालाना खर्च भारत से ज्यादा है। देश में आबादी सात गुना बढ़ गई, पर स्वास्थ्य सुविधाएं दोगुनी भी नहीं हो सकी हैं। देश के कुल लगभग सत्तर हजार अस्पतालों में से साठ फीसद में तो पर्याप्त बिस्तर तक नहीं हैं। आनुपातिक तौर पर प्रति पैंसठ मरीज पर मात्र एक बिस्तर की उपलब्धता है। चिकित्सा खर्च इस कदर जेब पर भारी पड़ रहा है कि हर साल कर्ज लेकर, संपत्तियां बेचकर इलाज कराने वाली सात-आठ प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच जाती है। तेंतालीस फीसद कमाई इलाज पर खर्च हो जा रही है। ऐसे ज्यादातर मरीज कैंसर, हृदय और मानसिक रोगों से पीड़ित होते हैं। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना की न तो फिलहाल दस करोड़ परिवारों तक पहुंच बन पाई है, न प्राथमिक उपचार के लिए पूर्व घोषित डेढ़ लाख 'हेल्थ ऐंड वेलनेस' केंद्र बन सके हैं। एक तो निजी अस्पताल आयुष्मान योजना की तय सरकारी दरों पर इलाज के लिए सहमत नहीं हैं। दूसरे, पर्वतीय प्रदेशों को छोड़ कर अन्य राज्य इस योजना के तहत चालीस प्रतिशत इलाज का खर्च उठाने से कतराते हैं। बंगाल सरकार ने तो आयुष्मान भारत योजना को राज्य की स्वास्थ्य योजना में मिश्रित कर दिया है। नतीजे स्पष्ट हैं कि योजनाएं कागजी होकर रह गई हैं। देश की सवा अरब से अधिक आबादी के लिए स्वास्थ्य का मौजूदा ढांचा नितांत अपर्याप्त हो चला है।

शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर 1990 के बाद से, देश में पता नहीं कितने अभियान, कार्यक्रम, नीतियां और निवेश सामने आ चुके हैं, तब भी स्वास्थ्य क्षेत्र में हालात जस के तस बने हुए हैं। देश में मानव संसाधनों का पारदर्शी इस्तेमाल न हो पाना भी इस विफलता की एक खास वजह है। अन्य क्षेत्रों की तरह स्वास्थ्य क्षेत्र के संसाधन भी मुट्ठी भर शक्तियों के हाथों में सिमट कर रह गए हैं। किसी जमाने में चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता था, पर अब इस पेशे ने नई तकनीकों से लैस होकर बाजार का बाना ओढ़ लिया है।

सरकारें और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दें तो गरीबों का निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज हो सकता है। ऐसे मरीजों के लिए निजी अस्पतालों में दस फीसद आरक्षित बिस्तर मुहैया कराने का स्पष्ट प्रावधान है। 2007 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गरीब मरीजों को आरक्षित बिस्तर उपलब्ध न कराने पर अस्पतालों पर भारी जुर्माने का निर्णय दिया था। लगभग एक दशक पहले दिल्ली सरकार भी इस दिशा में पहल कर चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थितियों के आकलन और उसके आधार पर भारत में चिकित्सा व्यवस्थाएं बनाने के लिए सन 1946 में जोसेफ विलियम भोरे के नेतृत्व में बनाई गई समिति ने प्रति चालीस हजार की आबादी पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का सुझाव दिया था। प्रत्येक पीएचसी में दो डाक्टर, एक नर्स, चार सार्वजनिक स्वास्थ्य नर्स, चार दाइयां, दो स्वच्छता निरीक्षक, दो स्वास्थ्य सहायक, एक फार्मासिस्ट और पंद्रह अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शामिल करने का सुझाव था।

राजनीतिक

# आंदोलनरत महिला खिलाड़ी प्रताड़ना नहीं सम्मान के हकदार



लेखक- सनत जैन

पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाने वाली महिला खिलाड़ियों को यौन उत्पीड़न की शिकायत करने के बाद, न्याय मिलना तो दूर, उनका जो सम्मान था, वह भी चला गया। जिस तरीके से उन्हें अपने ही देश में प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके बाद कई नए सवाल भारत की न्याय व्यवस्था को लेकर भी खड़े हो रहे हैं। क्या भारत में दो तरह के कानून है। एक सरकार जैसा चाहे कानून का उपयोग कर सके। दूसरा उनके लिए जिन्हें सरकार जिस तरह से प्रताड़ित करना चाहे, उसे प्रताड़ित कर सके। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद जिन महिला खिलाड़ियों की एफआईआर दर्ज हुई।

उन्ही महिला खिलाड़ियों के चरित्र पर किस तरह की उंगली उठाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद, दिल्ली पुलिस ने दर्ज एफआईआर पर, कार्रवाई करने के स्थान पर जांच के नाम पर दोषी को बचाने का शर्मनाक प्रयास कर रही है। पास्को एक्ट में तुरंत गिरफ्तारी के नियम की व्यवस्था होने के बाद भी, दिल्ली पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के स्थान पर, शिकायत दर्ज करने वालों पर ही उत्पीड़न की कार्रवाई कर रही है। उसका असर अब सारे देश में देखने को मिलने लगा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गौरव प्राप्त खिलाड़ियों को जहां सम्मान और विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं। उसके स्थान पर जिस तरह



**भारत की आंदोलनकारी महिला खिलाड़ियों को यह समझ में आने लगा है, कि सराहना कुछ समय के लिए ही मिलती है। उसके बाद तो उन्हें अपने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए कदम-कदम पर संघर्ष करना ही पड़ता है। वैश्विक स्तर का मेडल हासिल करने के बाद जब महिला खिलाड़ी भारत आई थी, तो एयरपोर्ट से लेकर प्रधानमंत्री, खेल मंत्री, मुख्यमंत्री सब ने उनका सम्मान किया। उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया।**

से आंदोलन के दौरान जंतर-मंतर से उन्हें अमानवीय ढंग से गिरफ्तार किया गया। इसे सारे देश ने देखा। महिला खिलाड़ियों ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने में इतनी देर क्यों लगाई। इस संबंध में जब पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यदि उस समय हम यौन उत्पीड़न की शिकायत करते, तो हमारे परिवार के लोग हमें ट्रेनिंग और खेलने से ही रोक देते। हमारी शादियां करवा देते। अन्तरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा जीतने के बाद भी यौन उत्पीड़न रुक नहीं रहा था। जिसके कारण हमें यह लड़ाई लड़नी पड़ रही है। इस घटना की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई है। इसके बाद भी सरकार, खेल मंत्रालय, दिल्ली पुलिस आरोपी को बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की छवि इस कारण विपरीत असर पड़ रहा है। महिला और युवा जो हिंदुत्व के नाम पर आंख मूंदकर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करते थे। आंदोलनकारी सभी खिलाड़ी हिंदू ही हैं। केन्द्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के रहते हुए, हिंदू खिलाड़ियों, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के तिरंगे हिन्दू हृदय सम्राट को फैराकर, जिन्होंने भारत का सम्मान बढ़ाया था।

उनके साथ जो दुर्वव्यवहार हो रहा है। यौन उत्पीड़न के साथ-साथ उनके चरित्र पर जो गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। उससे महिला खिलाड़ी हतप्रभ हैं। इसका असर अब न्यायपालिका की साख पर भी पड़ने लगा है। महिला पहलवान न्याय के लिये सुप्रीम कोर्ट याचिका लेकर गए थे। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से एफआईआर दर्ज हुई। पॉक्सो एक्टमें एफआईआर होने के बाद भी दिल्ली पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार नहीं करना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका की स्थिति, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट की अधिकारिता को लेकर दो तरह के कानून बन गए है। सक्षम के लिये अलग कानून, कमजोर के लिये अलग कानून। आम आदमी संसय में हैं। जब सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला खिलाड़ियों के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। तो न्याय कैसे मिलेगा, आम लोगों के मन में न्याय पालिका के प्रति अविश्वास देखने को मिल रहा है। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए कहीं से भी इसे अच्छा नहीं कहा जा सकता है। पास्को एक्ट के आरोपी सांसद की गिरफ्तारी नहीं होने तथा नवीन संसद के शुभारंभ समारोह में वीवीआइपी गेस्ट का दर्जा मिलना महिला खिलाड़ियों के घावों में नमक डालने जैसा था। देश एवं विदेशों में इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है।

सुविचार

**पाई भी न बचे, मेरे लिए सबसे बड़ा सुख यही होगा।**
**- पुरुषोत्तमदास टंडन**

राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। रचनात्मक कायरें में प्रगति होगी। महिला अधिकारी का सहयोग मिलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। |
| वृष | संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या संबंधित अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। |
| मिथुन | आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। |
| कर्क | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। जीविका के क्षेत्र में चल रहा प्रयास फलीभूत होगा। नए संबंध बनेंगे। |
| सिंह | संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रचनात्मक कार्य फलीभूत होगा। |
| कन्या | भावुकता में नियंत्रण रखें। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रचनात्मक कार्यो में सफलता मिलेगी। |
| तुला | स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। कोई ऐसी बात हो सकती है जो आपके हित में न हो। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा। |
| वृश्चिक | उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। आपसी संबंध मधुर होंगे। |
| धनु | महिला अधिकारी या घर के मुखिया का सहयोग मिलेगा, लेकिन संतान के कारण चिंतित रहेंगे। रचनात्मक कार्यो में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| मकर | पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। नए संबंध बनेंगे। |
| कुंभ | शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। आर्थिक तनाव रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। किसी कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। |
| मीन | दांपत्य जीवन सुखमय होगा। पिता या घर के मुखिया का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी। बुद्धि कौशल से किए गए कार्य में सफलता मिलेगी। |

## शहरी और ग्रामीण भारत के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे में ही भारी अंतर

चिकित्सा खर्च इस कदर जेब पर भारी पड़ रहा है कि हर साल कर्ज लेकर, संपत्तियां बेचकर इलाज कराने वाली सात-आठ प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच जाती है। तैंतालीस फीसद कमाई इलाज पर खर्च हो जा रही है। ऐसे ज्यादातर मरीज कैंसर, हृदय और मानसिक रोगों से पीड़ित होते हैं। देश में स्वास्थ्य सेवाएं महंगी ही नहीं होती जा रहीं, मरीजों को गरीब भी बना रही हैं। लगातार बढ़ता चिकित्सा खर्च हर साल सात प्रतिशत आबादी को गरीबी रेखा के नीचे धकेल रहा है। आक्सफैम इंटरनेशनल की एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि अगर भारत के अरबपतियों की पूरी संपत्ति पर दो फीसद की दर से एकमुश्त कर लगा दिया जाए, तो उसी राशि से देश में तीन साल तक कुपोषितों के पोषण के लिए 40,423 करोड़ रुपए की जरूरत पूरी की जा सकती है। इसी तरह देश के दस सबसे अमीर अरबपतियों पर पांच प्रतिशत का एकमुश्त कर लगा कर साल भर के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के बजट की अच्छी-खासी भरपाई हो सकती है। हमारे देश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र योजना, जननी सुरक्षा योजना, सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) योजना, एनआरएचएम फ्लेक्सी पूल, राज्यों में 108 एंबुलेंस सेवा, इंद्रधनुष टीकाकरण, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता जैसी अनेक आधारभूत व्यवस्थाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, तृतीयक देखभाल कार्यक्रम, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (प्रजनन) आदि सरकारी इंतजामात के बावजूद दुनिया में सबसे ज्यादा (सालाना औसतन 11 लाख) नवजात बच्चों की मौतें भारत में हो रही हैं। हर साल दस लाख नवजात शिशुओं को गंभीर एचबीवी संक्रमण का खतरा रहता है। पैदा होने वाले प्रति एक हजार में से औसतन उनतीस नवजात की मौत हो जाती है। 'सेव द चिल्ड्रेन' संस्था के मुताबिक, विश्व में नवजात शिशुओं की कुल मौतों में से उनतीस फीसद अकेले भारत में होती हैं। गरीब परिवारों के लिए यह सच कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अपने बच्चों के इलाज का खर्च उठाने लायक नहीं रह गए हैं।



लेखक- विजय गर्ग

अस्पतालों में भर्ती बच्चों पर केंद्रित एक अध्ययन से पता चलता है कि प्रति सौ परिवारों में से तेरह को इलाज में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे ज्यादातर परिवार अगली धार के कार्यकर्ताओं, जैसे आशा, आंगनबाड़ी, सहायक नर्स मिडवाइव्स की पहुंच से भी वंचित हैं। आयुष्मान भारत योजना के साथ भी पहुंच का सवाल जुड़ा है। बेतहाशा महंगे दवा-इलाज ने तेईस फीसद मरीजों को चिकित्सा से वंचित कर दिया है। सत्तर फीसद लोग अपनी जेब से इलाज करा रहे हैं। मेडिकल कालेजों, अस्पतालों, प्रशिक्षित डाक्टरों और नर्सों की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं तो पहले से ही चरमराई हुई हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी खर्च एक दशक से ऊंट के मुंह में जीरा की तरह सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 1.3 प्रतिशत पर ही टिका हुआ है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हाल यह है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भूटान, श्रीलंका और नेपाल जैसे गरीब देशों का भी सालाना खर्च भारत से ज्यादा है। देश में आबादी सात गुना बढ़ गई, पर स्वास्थ्य सुविधाएं दोगुनी भी नहीं हो सकी हैं। देश के कुल लगभग सत्तर हजार अस्पतालों में से साठ फीसद में तो पर्याप्त बिस्तर तक नहीं हैं। आनुपातिक तौर पर प्रति पैंसठ मरीज पर मात्र एक बिस्तर की उपलब्धता है।

अध्यात्म

## सच्चा मित्र संजीवनी की तरह

हम सभी के परिचित और दोस्त होते हैं। भले ही बचपन के, स्कूल, कॉलेज, ऑफिस या आस-पास कॉलोनी में रहने वाले हों, मित्र तो सभी के होते हैं। सच्चा मित्र बनना और बनाना हर इंसान की इच्छा होती है। लेकिन, सच्चे मित्र बहुत कम मिल पाते हैं। ऐसा मित्र, जिस पर हम भरोसा कर सकें, जिसके साथ अपनी हर बाते शेयर कर सकें। धर्मशास्त्रों में सच्चा मित्र उसे कहा गया है, जो सुख-दुख में साथ दे। ऐसे दोस्त से कभी भी डर नहीं लगता। ये सही रास्ते पर चलने में हमारे मददगार होते हैं। लेकिन, ऐसा दोस्त कौन है? क्या वह जो सिर्फ परिचित है? सच्ची दोस्ती प्रेम, विश्वास व भरोसा, एक-दूसरे का ख्याल रखने और चिंताओं पर ही आधारित होती है। क्या, कभी इस प्रश्न का उत्तर आपने खुद से पूछा है? प्रिय शब्दों से मित्रों की संख्या बढ़ती है और मधुर वाणी से मैत्रीपूर्ण व्यवहार। हमारे परिचित अनेक हों, किंतु परामर्शदाता ईश्वर एक ही है। ईश्वर ही सच्चा दोस्त है, जो जीवन के हर पल में हमारी परछाई बनकर साथ रहता है। उस पर अपनी आंखें बंद कर, विश्वास व भरोसा करते हैं। जब सुखी या दुखी होते हैं, ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और प्रार्थना के रूप में उससे बातें करते हैं। जीवन की हर बात उससे साझा करते हैं और फिर खुद को हल्का महसूस करते हैं। किसी भी कार्य की शुरुआत हम ईश्वर से आशीर्वाद लेकर ही करते हुए कहते हैं-हे मेरे मालिक, मुझ पर अपनी छत्र-छाया बनाए रख, मेरा मार्गदर्शन कर और मुझे सफलता प्रदान कर। कोई मित्र अवसरवादी होता है, वह विपत्ति में साथ नहीं देगा। कोई मित्र शत्रु बन जाता है और अलगाव का दोष भी हमें ही देता है। कोई मित्र हमारे यहां खाता-पीता है, किंतु विपत्ति के वक्ति दिखाई नहीं देता। समृद्धि के दिनों में वह हमारा अंतरंग बन कर रौब जमाता है, किंतु दुर्दिन आते ही शत्रु बनकर मुंह फेर लेता है। परीक्षा लेने के बाद किसी को मित्र बना लो, लेकिन उस पर तुरंत विश्वास मत करो। अपमान, अहंकार और विश्वासघात के कारण मित्रता टूट जाती है।

कार्टून



समय

सीधी, शनिवार 3 जून 2023

# आदिवासियों के साथ किए गए अन्याय को बताएगी कांग्रेस, विस चुनाव से पहले घर-घर पहुंचेंगे कार्यकर्ता

**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और सत्तारुढ दल भाजपा दोनों ही पीछे नहीं है। दोनों ही दल आदिवासियों को रिझाने की रुपरेखा तैयार कर रहे हैं। कांग्रेस ने पार्टी ने आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले आदिवासियों को एकजुट करने की रूपरेखा तैयार की है। इसमें विचार सम्मेलन कर आदिवासियों को वोट की ताकत का अहसास कराया ही जाएगा। सामाजिक एकता, आरक्षण, रोजगार की गारंटी, जल, जंगल और जमीन के अधिकार पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही कार्यकर्ता घर-घर जाकर आदिवासियों को भाजपा सरकार द्वारा किए गए अन्याय के बारे में बताएंगे प्रदेश में यूं तो 47 विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति और 35 अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं पर इन वर्गों का प्रभाव अनारक्षित सीटों पर भी कम नहीं है। कांग्रेस के नेताओं का दावा है कि 122 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां आदिवासी निर्णायक भूमिका में हैं। कमोबेश यही स्थिति अनुसूचित जाति के मतदाताओं को लेकर भी है। यही कारण है कि भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों इन वर्गों को साधने में जुटे हैं। प्रदेश कांग्रेस ने अपनी आदिवासी इकाई को सक्रिय करने के साथ आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले सक्रियता बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि जय युवा आदिवासी शक्ति संगठन (जयस) जैसे कई संगठन आदिवासी क्षेत्रों में सक्रिय हो गए हैं, जो कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पिछले चुनाव यानी 2018 में जयस ने कांग्रेस को समर्थन दिया था और मालवा-निमाड़ क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी बड़ी संख्या में जीते थे। यही कारण है कि भाजपा भी सतर्क है और सरकार ने आदिवासियों के हित में कई कदम भी उठाए हैं।आदिवासी परिषद की युवा इकाई के प्रांताध्यक्ष नरेंद्र सिंह सैयाम का कहना है कि स्थानीय स्तर पर आदिवासियों के लिए काम करने वाले कई संगठन चुनाव की दृष्टि से काम कर रहे हैं। आदिवासी वोट का बिखराव हमें नुकसान पहुंचाता है और इसका लाभ भाजपा उठाती है। पार्टी यही काम अभी भी कर रही है।इसे समझाने और वोट की ताकत का अहसास दिलाने के लिए सभी सामाजिक संगठनों को एक मंच पर लाकर उनसे चर्चा करके एक राय बनाने का प्रयास होगा। नौ जून से विचार सम्मेलन की शुरुआत होगी और एक दिन में दो-दो विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम किए जाएंगे। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन को भी इससे जोड़ा जाएगा। युवा कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष डा.विक्रांत भूरिया का कहना है कि हम घर-घर जाकर आदिवासियों के साथ भाजपा सरकार द्वारा किए गए अन्याय और कांग्रेस द्वारा उनके हित में उठाए गए कदमों के बारे में बताएंगे। मालूम हो कि विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़े मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस अनुसूचित जाति-जनजाति के मतदाताओं को साधने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों ही दल जानते हैं कि सत्ता की चाबी इन्हीं वर्गों के हाथ में है।

## भाजपा ने आदिवासी बहुल सीटों के लिए तैयार की रणनीति

### महासंपर्क अभियान में बताएगी केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां

**भोपाल नप्र।** मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत पार्टी ने आदिवासी बहुल सीटों के लिए अलग से रणनीति तैयार की है। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान में बूथ प्रभारी, पन्ना प्रभारी, अर्द्धपन्ना प्रभारी सहित अन्य कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर प्रत्येक मतदाता तक पहुंचेंगे और डबल इंजन की सरकार (मोदी और शिवराज सरकार) की उपलब्धियां गिनाएंगे।भाजपा अपनी पूरी शक्ति इसी में लगाएगी। प्रदेश स्तर से कार्यकर्ताओं को उनके क्षेत्र के मतदाताओं की जिम्मेदारी सौंप दी गई है, उनसे कहा गया है कि वे मतदाताओं के सतत संपर्क में रहें और उन्हें सरकार द्वारा उनके लिए किए गए काम याद दिलाते रहें। साथ ही समझाएंगे कि आजादी के बाद से 70 साल तक कांग्रेस का शासन रहा, पर आपके जीवन में बदलाव लाने वाली भाजपा ही है। प्रधानमंत्री आवास सहित केंद्र और राज्य की अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को यह अहसास भी कराया जाएगा कि उनके हित में भाजपा ने ही काम किया है। पेसा नियम लागू करने, मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना या अन्य माध्यम से आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार के प्रयास किए गए हैं। मध्य प्रदेश में छह माह बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए 2020 में सरकार बनने के बाद से ही भाजपा आदिवासी वोट बैंक को साधने के प्रयास कर रही है। भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए थे, उन्होंने भोपाल की हबीबगंज स्टेशन का नामकरण गौंड रानी कमलापति के नाम पर किया।



नेपाल के प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने इंदौर पहुँचने पर नागरिकों का अभिवादन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गांजा बेचने आये तीन तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल नप्र।** राजधानी की बजरिया पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 28 हजार कीमत का तीन किलो छह सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करों के खिलाफ एनडीपीए एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर पुलिस उनसे आगे की पूछताछ कर रही है। थाना पुलिस ने बताया कि बीती दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में स्थित तिकोना मंदिर शंकराचार्य नगर में कुछ युवक गांजा लेकर खड़े हैं, जो उसे बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहे है। खबर मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उनकी पहचान गंजबासौदा के रहने वाले निखिल, सुमित पंथी और विवेक अहिरवार के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उनके पास से तीन किलो छह सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपियो ने बताया कि वह यहाँ आकर फुटकर में गांजा बेचते थे। तीनो आरोपी मेहनत मजदूरी का काम करते है।

### बिजली चोरी की सूचना पर चैकिंग करने पहुंचे एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से झूमाझटकी

**भोपाल नप्र।** निशातपुरा थाना इलाके में बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर चैकिंग करने पहुंचे एमपीईबी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से महिला द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने की घटना सामने आई है। थाना पुलिस के अनुसार बिजली विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर कमलेश यादव ने शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें अमन कॉलोनी निवासी अमरीन खान नामक महिला के संबध में शिकायत मिली थी, कि उसने बिजली के केबल में कट लगाकर तार लगा लिया है, और उसके जरिये वह खुद बिजली का इस्तेमाल कर रही है, साथ ही आसपास के लोगों को भी बिजली सप्लाई कर पैसे वसूल रही है। बिजली विभाग की टीम अमन कॉलोनी पहुंची और टीम ने उसकी लाईन का केबल को काट दिया। इस बात से गुस्साई अमरीन ने टीम के साथ दुर्व्यवहार करते हुए एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के साथ झूमाझटकी कर दी। पुलिस ने महिला के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओ में मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### सोते रहे दंपत्ति, चोरो ने उड़ाया लाखों का माल

**भोपाल नप्र।** कोलार थाना इलाके के दानिश नगर में शातिर बदमाशों ने देर रात एक मकान को अपना निशाना बनाते हुए चालीस हजार की नगदी, कीमती जेवरात समेत एक लाख का माल बटोर लिया और चंपत हो गये। हैरानी की बात यह है कि बदमाशो ने मकान के उसी कमरे से माल समेटा, जिस कमरे में दंपती सो रहे थे, लेकिन दंपती को बदमाशो के कारनामें की भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि डीके टू-84, दानिश नगर में रहने वाले मनीष आनंद का डेयरी का कारोबार है, वहीं उनकी पत्नी घर में बुटिक का संचालन करती है। बुधवार-गुरुवार की रात वे अपने बेडरूम में परिवार के साथ सो रहे थे। रात के समय जब परिवार गहरी नींद में था, उस दौरान किचन वाले गेट से अज्ञात बदमाश घर में दाखिल गए और अलमारी में रखी चालीस हजार की नगदी, पुराने जेवरात समेटकर भाग गए।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन ने दो युवकों को मारी टककर, एक की मौत

**भोपाल नप्र।** मिसरोद इलाके में रात के समय अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चला रहे एक युवक की मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय पुरुषोत्तम उर्फ परशु पुत्र गुड्डा लाल निवासी नया गांव मिसरोद में स्थित साहू टेंट हाउस में काम करता था। गुरुवार रात वह अपने साथी के साथ बाइक से घर जा रहा था। थाने के पास मेन रोड पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। आसपास के लोगो ने दोनों घायलों को 108 की मदद से इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। जहां परशु को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया। मामला कायम कर पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक की पहचान जुटाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### युवक ने पेड़ पर फांसी लगाई

**भोपाल नप्र।** मिसरोद थाना इलाके में अज्ञात अधेड़ द्वारा पेड़ पर फॉसी लगाकर आत्महत्या किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर के समय सूचना मिली थी, कि बावर्ची ढाबा के पास किसी व्यक्ति की लाश पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी है। खबर मिलने पर मौके पर पहुंची ने शव को नीचे उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान की जा सके। मृतक की उम्र करीब 55 साल के आसपास बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस उसकी शिनाख्ती के प्रयास कर रही है।

### शादी में युवतियों के डांस के बीच घुसे मनचलों ने वाहनों में तोड़फोड़ कर किया फायर

**भोपाल नप्र।** निशातपुरा थाना इलाके में रहने वाली महिला के भाई की शादी के दौरान तीन मनचले जर्बदस्ती घुसकर हंगामा करने लगे। महिला ने उन्हें भगाते हुए पुलिस को बुला लिया। इसके बाद आरोपियो ने रात के समय घर के बाहर खड़े वाहन में तोड़फोड़ करते हुए हवाई फायर कर दिया। पुलिस के अनुसार नवाब कॉलोनी करोंद मे रहने वाली निवासी फिरदौस जहां पत्नी माजिद खान (33) समाज सेविका हैं। बीती 29 मई को उनके परिवार में शादी थी। परिवार के लोग मस्ती में थे, वही रिश्तेदारो की लड़किया डांस कर रही थी। उसी दौरान आरोपी साहिल, बिलाल व अयान भी घुस आये और युवतियो के साथ डांस करते हुए हंगामा करने लगे। फिरदौस ने उन्हें हंगामा करने से मना कर जाने को कहा लेकिन वह नहीं गये। तब महिला ने सूचना देकर डायल-100 को बुला लिया। इस बात से गुस्साये आरोपियो साहिल, अयान व बिलाल ने अपने साथियों के साथ फिरदौस जहां के घर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए धमकी दी साथ ही घर के बाहर खड़ी उनकी कार में तोड़फोड़ कर दी।

# लाड़ली बहना के खाते में खनका शगुन का 1 रुपया

## 10 जून से खातों में योजना का पैसा किया जाएगा ट्रांसफर किया




**भोपाल नप्र।** लाड़ली बहना योजना के तहत मिलने वाले एक हजार रुपए के पहले बहनों के खातों में शगुन का 1 रुपया खनकना शुरू हो गया है। मप्र सरकार ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणानुसार लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं के खातों में पैसा डालना शुरू कर दिया है। 1 जून को महिलाओं के खातों में एक-एक रुपए डाला गया है। विभाग इसे जिसे टेस्टिंग बताया जा रहा है। हालांकि योजना के तहत एक-एक हजार रुपए पूर्व घोषित तिथि 10 जून को ही आएंगे। फिलहाल पात्र लाड़ली बहनों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी शुरू हो गया है। जिन महिलाओं के खातों में पैसा नहीं पहुंचा है, उनकी बैंक खाते से आधार लिंक को जांचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार योजना के तहत प्रदेश भर से 1 करोड़ 25 लाख 33 हजार 145 महिलाओं ने आवेदन किया था। जिसमें से 1 करोड़ 25 लाख 6 हजार महिलाओं के खातों में टेस्टिंग के नाम पर रुपए डाले गए हैं। जबकि कुछ महिलाओं के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हो पाए हैं। जिसको लेकर मुख्यमंत्री मुख्य सचिव ने आज सभी कलेक्टर एवं संभागायुक्तों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर शेष आवेदनों की पात्र महिलाओं के बैंक खातों से आधार लिंक का कार्य पूरा करवाएं। लाडली बहना के प्रभारी संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग विशाल नाडकर्णी ने बताया कि टेस्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत खातों में एक-एक रुपए डाले जा रहे हैं। कुछ पैसे वापस भी आएंगे। तब देखा जाएगा कि किस-किस खाते से पैसा वापस आएं है। बाद में सुधार कर संबंधित खातों में भी पैसा डाले जाएंगे। पूरी कोशिश है कि 10 जून से पहले पूरी प्रक्रिया सुदृढ़ हो जाए।

### भुगतान से पहले टेस्टिंग जरूरी

लाड़ली बहना योजना के तहत हितग्राहियों को भुगतान की प्रक्रिया शुरू होने से पहले खातों की टेस्टिंग करना जरूरी है। क्योंकि भुगतान बैंक खाता आधारित नहीं होकर आधार से होना है। यही वजह है कि आवेदन के दौरान किसी भी महिला आवेदन से बैंक खाता नहीं लिया गया। यानी महिला का बैंक खाता आधार से लिंक होने पर ही भुगतान होगा।

## मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय संयुक्त संघर्ष समिति का क्रमबद्ध कार्य बहिष्कार आंदोलन जारी

### मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय संयुक्त संघर्ष समिति का क्रमबद्ध कार्य बहिष्कार आंदोलन जारी

**भोपाल नप्र।** मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय संयुक्त संघर्ष समिति का क्रमबद्ध कार्य बहिष्कार आंदोलन शुक्रवार को 19 वें दिन भी जारी है। सभी विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों ने शुक्रवार से क्रमिक भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है। साथ ही प्रत्येक विश्वविद्यालय में सभी संघों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण क्रमिक भूख हड़ताल पर भी बैठे हैं। कर्मचारियों के कामकाज बंद करने से जून की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इससे एक लाख विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। क्रमिक भूख हड़ताल पर बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय (बीयू) में शुक्रवार से संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक प्रोफेसर कालिका यादव, अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष डाक्टर एलएस सोलंकी, राज्य विश्वविद्यालय सेवा पेंशनर संघ के अध्यक्ष डा. बी भारती, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की उपाध्यक्ष प्रोफेसर अनिता धुर्वे एवं संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव लखन सिंह परमार भूख हड़ताल पर बैठे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को शाम चार बजे संघर्ष समिति के पदाधिकारी प्रोफेसर कालिका यादव, डा. बी भारती एवं सचिव लखन सिंह परमार को उच?च शिक्षा विभाग के आयुक्त कर्मवीर सिंह के साथ चर्चा के लिए बुलाया गया था। आयुक्त के साथ लगभग एक घंटा सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान आयुक्त ने पेंशन प्रकरण के संबंध में अवगत कराया कि सातवें वेतनमान से पेंशन दिए जाने संबंधी कार्रवाई त्वरित गति से की जा रही है।

## सेलिब्रिटी के साथ फोटो शूट कराने और फिल्मों में काम दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले बंटी-बब्ली दिल्ली से गिरफ्तार

**भोपाल नप्र।** राजधानी भोपाल की सायबर क्राइम की टीम ने माडलिंग करने वाली यूवती को सेलिब्रिटी के साथ फोटो शूट करने और फिल्मों में काम दिलाने के नाम पर रकम ठगने वाले बंटी-बब्ली को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक युवती ने पीड़ीता को झांसा देकर कई तरह के कामो का कहकर 71 हजार की रकम अपने एकांउट में जमा करवा ली और फिर अपने फोन बदं कर लिये।

मामले में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 5 जनवरी को पिपलानी क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसकी बेटी का मॉडलिंग का शौक है, और वह अपने डांस वीडियो इंटरनेट मीडिया पर शेयर करती है। 17 दिसंबर 2022 को युवती के पास फोन आया दूसरी और से बातचीत करने वाले युवक ने बताया कि वह नयी दिल्ली की ड्रीम मेकर्स नामक कंपनी से बात कर रहा है। शातिर ने उसे झांसा देते हुए कहा कि उसके वीडियो देखकर उसका सिलैक्शन ड्रीम मेकर्स कम्पनी मे विडियो डांस के लिए किया गया है। उसे पहले रजिस्ट्रेशन के लिये 15 हजार की रकम जमा करानी होगी, इसके बाद उसे मांडलिंग के काम मिनने लगेगें। फरियादी की बेटी ने फोन-पे के जरिये आरोपी द्वारा बताये गये एकांउट में रकम जमा कर दी। इसके बाद 4 जनवरी को फिर एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को डीम मेकर्स कम्पनी का डायरेक्टर बताते हुए कहा कि युवती को मुम्बई की कंपनी मे विडियो शूटिंग करने का ऑफर दिया।



जालसाज ने यह भी कहा कि शूटिंग करने के लिये रोजाना 17 हजार पॉच सौ रुपये मिलेंगे और यह शूटिंग करीब 10 दिन तक चलेगी। शातिर ने आगे कहा कि इसके लिए आर्ट्रिस्ट कार्ड बनवाना होगा जिसे बनवाने में 53 हजार रुपये लगेंगे, यह रकम 34 और 19 हजार की दो किस्तो में जमा करना होगी। इस रकम का भुगतान भी फरियादी की बेटी ने फोन-पे के जरिये कर दिया। रकम जमा कराने के बाद जालसाज का फिर फोन आया और उसने एक लाख रुपये और जमा करने की बात कहते हुए कहा कि यदि एक लाख रुपये और जमा नहीं किये तो उसके द्वारा पहले जमा किये गये 71 हजार रुपये वापस नहीं मिलेंगे।

## लाडनी बहना की जगह आदेश में कांग्रेस की नारी सम्मान योजना का जिक्र

**भोपाल नप्र।** मध्य प्रदेश में सामान्य प्रशासन विभाग की बड़ी चूक सामने आई है। शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना की जगह कांग्रेस की मुख्यमंत्री नारी सम्मान योजना का जिक्र करते हुए आदेश जारी कर दिया गया। जो तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, सामान्य प्रशासन विभाग ने भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी लाडली बहना योजना और मुख्य मंत्री उद्यम शक्ति योजना की मॉनिटरिंग के लिए सशक्त समिति का गठन किया गया है, लेकिन समिति के गठन को लेकर जारी आदेश में लाडनी बहना योजना की जगह कांग्रेस की मुख्यमंत्री नारी सम्मान योजना का जिक्र है। आदेश को उप सचिव दिलीप कुमार कापसे ने जारी किया है। महत्वपूर्ण आदेश में की गई बड़ी चूक से जमकर किरकिरी हो रही है। बता दें कि भाजपा सरकार ने चुनावी साल में महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना की शुरुआत की है, इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार दिए जाएंगे।

## पार्क से लगी जमीनों के दाम घटे

# मौतों के बाद खत्म हुआ कूनो नेशनल पार्क का आकर्षण!

**भोपाल नप्र।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों को बसाया जाएगा, इस खबर ने एक साल पहले कूनो पार्क के आसपास की जमीन की कीमतों में जबरदस्त उछाल ला दिया था। कीमतें दस गुना तक बढ़ गई थी। लोगों को लग रहा था कि पर्यटन और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में तीन वयस्क चीतों और तीन शावकों की मौत और उसके बाद चीतों को किसी अन्य जगह बसाने की खबरों से हालात बदल गए हैं।

जमीनों के दाम घटने लगे हैं। जो पुराने कमिटमेंट और एग्रीमेंट थे, वह भी खटाई में पड़ गए हैं। कूनो नेशनल पार्क की श्योपुर जिला मुख्यालय से दूरी करीब 70 किलोमीटर है। इसके आसपास की जमीन की कीमत एक लाख रुपये बीघा हुआ करती थी। प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत से पहले यह कीमत बढ़कर 10 लाख रुपये प्रति बीघा तक पहुंच गई थी। जब पिछले साल सितंबर में नामीबिया से और फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से चीतों को लाया गया तो जमीनों के दाम 20 से 25 लाख रुपये प्रति बीघा तक पहुंच गए थे। अब इनमें गिरावट दिख रही है।




### 25 किसानों ने किए थे सौदे

प्रॉपर्टी कारोबारियों के मुताबिक 25 किसानों ने अपनी जमीनों का सौदा किया था। इसमें से महज सात-आठ लोगों ने ही रजिस्ट्री कराई है। चीतों की मौत के बाद पांच सौदे रद्द कर दिए गए। दस प्रोजेक्ट अधर में है। न तो रजिस्ट्री कराई है और न ही एग्रीमेंट पर आगे कोई बात हो रही है। कूनो नेशनल पार्क के आसपास बसे गांवों में जमीन के सौदे के लिए बड़े-बड़े व्यापारी आ रहे थे। जमीन लेने की बात कर रहे थे। जब से चीतों की शिफ्टिंग की बात चली है, जमीनों के दाम भी घटे हैं।

### रियासत के कुंवर बनवा रहे हैं रिर्जाट

कूनो गांव के पास मोरावन में रियासत के कुंवर ऋषिराज सिंह पुरखों की जमीन पर रिजॉर्ट बना रहे हैं। ऋषिराज सिंह का कहना है कि चीतों की मौत के बाद लोगों की रुचि कम हुई है। नए खरीदार भी इलाके में नजर नहीं आए हैं। पुराने सौदे भी रद्द हो रहे हैं। मेरा निवेश फायदे के लिए कम है और भावनात्मक तौर पर जुड़ा है। हमारे रिजॉर्ट का काम तेजी से चल रहा है।

## मप्र में मतदान केंद्रों का होगा भौतिक सत्यापन परिवार के सदस्यों के एक ही केंद्र पर रहेंगे नाम

### मध्य प्रदेश में 64,100 मतदान केंद्र हैं

**भोपाल नप्र।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण के साथ निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन भी कराएगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मतदाता को मतदान के लिए दो किमी से अधिक दूर न जाना पड़े। साथ ही एक परिवार के सभी मतदाताओं के नाम एक ही मतदान केंद्र पर रहें। दरअसल, नगरीय निकाय चुनाव के समय भोपाल सहित अन्य जिलों में यह शिकायत सामने आई थी कि एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्र पर कर दिए गए। यदि ऐसी स्थिति कहीं पाई जाती है तो मतदाता सूची में संशोधन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि मतदान के लिए मतदाता को कोई असुविधा न हो, इसके लिए मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। इसमें जिन केंद्रों का स्थान परिवर्तन करना है, उस संबंध में प्रस्ताव भी लिए जाएंगे। कोई भी केंद्र ऐसा नहीं रखा जाएगा, जहां मतदाताओं को पहुंचाने के लिए दो किमी की दूरी तय करना पड़े। जिन केंद्रों पर मतदाताओं के नाम जुडने के बाद ऐसी स्थिति बनेगी, उनके लिए अलग से निर्णय लिया जाएगा। एक ही परिवार के सदस्यों के अलग-अलग मतदान केंद्र होने का विषय जनवरी 2023 में मतदाता सूची के प्रकाशन के समय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस और भाजपा के प्रतिनिधियों ने उठाया था।

## ब्रीफ न्यूज

### वनांचल सेवा संस्थान के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



सीधी। नगर परिषद मझौली अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 में ५वनांचल सेवा संस्थान५ के कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर किया गया साथ ही उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी वनांचल सेवा संस्थान सामाजिक मंच के द्वारा 1 जून गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में रोहिणी चतुर्वेदी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी एकता परिषद दिल्ली मुख्य अतिथि रहीं जबकि अध्यक्षता नरेंद्र चतुर्वेदी सामाजिक कार्यकर्ता मझौली के द्वारा की गई वही विशिष्ट अतिथि के रूप में कुंवर सिंह टेकाम विधायक धौहनी, भाई संतोष सिंह राष्ट्रीय सचिव एकता परिषद, पूजा सिंह कुशराम सदस्य जिला पंचायत, नागेंद्र सिंह,अनीता सिंह, रणविजय वर्मा, राम प्रताप यादव, महावीर यादव ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और संस्था के कमेटी को बधाई दिए। कार्यक्रम में जहां संस्था की सचिव सरोज सिंह के द्वारा संस्था के गठन एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया वहीं वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए वनांचल सेवा संस्थान के गठन एवं उद्देश्य को लेकर सराहना करते हुए शुभकामना दिए संस्था द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें बालिकाओं द्वारा प्रस्तुति की गई वनवासी लोक कला की प्रस्तुति सराहनीय रही। संस्था के अध्यक्ष सुभाष सिंह एवं उपाध्यक्ष उमा सिंह के द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। बताते चलें कि संस्था की सचिव सरोज सिंह डेढ़ दशक पूर्व से एकता परिषद सामाजिक संगठन के माध्यम से क्षेत्र में जल जंगल जमीन को लेकर लोगों के अधिकारों एवं समस्याओं को लेकर सतत प्रयासरत रही हैं वर्तमान में एकता परिषद की जिला अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है वहीं उनकी सहयोगी सुमन गिरि मझौली ब्लाक की समन्वयक के रूप में कार्य कर रही हैं। सभी के सहयोग एवं समर्थन से वनांचल सेवा संस्थान का गठन किया गया है।अन्य उपस्थित जनो में सरोज साहू,मनीष विश्वकर्मा सरपंच पांड,सरोज वैस,धर्मजीत सिंह सहित एकता परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

### ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति द्वारा मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस



सीधी। ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम मे समिति द्वारा चलित नशा मुक्ति केन्द्र ग्राम तेंदुआ मे जागरूकता रैली निकालकर लोगो को तम्बाकू निषेध हेतु जागरूक किया गया एवं पम्पलेट का वितरण किया गया। साथ ही साथ समिति के पदाधिकारियो एवं सदस्यो द्वारा घर घर जाकर तम्बाकू के दुष्परिणामो से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से (सचिव) डॉ0 अजय मिश्रा, (कोषाध्यक्ष) डॉ0 स्वेता सिंह, अजय कुमार पटेल, राजेश मिश्रा, प्रशांत सिंह, रजनीश प्रसाद तिवारी, विकास नामदेव, संजय गुप्ता, श्रीकांत गौतम, राजभान जायसवाल, रामलाल केवट, रामबहोर पाण्डेय एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारी तैनात

रीवा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के विधानसभा क्षेत्र रीवा, मनगवां, देवतालाब, त्योंथर, सिरमौर, सेमरिया, गुढ़ तथा मऊगंज के सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने के लिए अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। तैनात अधिकारी 10 जून तक मतदान केन्द्रों का सत्यापन करके संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में 11 जून को बैठक आयोजित कर मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा कर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। यदि किसी मतदान केन्द्र में सुधार की आवश्यकता है तो उसके संबंध में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें।

# निराकृत राजस्व प्रकरणों में सात दिन में नक्शा तरमीम कराएं : कलेक्टर

## अधिकारियों के सराहनीय प्रयासों से प्रकरणों के निराकरण में रीवा को प्रथम स्थान मिला

समय | रीवा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में राजस्व अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सराहनीय प्रयास करके प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाया। इसके लिए मैं सभी को बधाई देती हूँ। अभियान के दौरान 18 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत किए गए। सभी निराकृत सीमांकन, अविवादित नामांतरण तथा बंटवारे के प्रकरणों में 7 दिवस में नक्शा तरमीम कराएं। तहसीलदार पटवारियों को निराकृत प्रकरणों की सूची देकर समय-सीमा निर्धारित करें। निराकृत प्रकरणों की सूची तहसील कार्यालय में चस्पा कर दें। सभी रीडर दर्ज और निराकृत प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपलोड कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को स्वामित्व योजना, धारणाधिकार अधिनियम तथा वासस्थान दखलकार अधिनियम के तहत भू अधिकार पत्र प्रदान करें। इसके लिए एसडीएम पटवारी हल्कावार कार्यक्रम निर्धारित कर दें। इस संबंध में समस्त कार्यवाहियाँ 9 जून तक पूरी करा लें। कई तहसीलों में अभी भी राजस्व प्रकरणों का दायरा कम है। पंजीयन कार्यालय से जमीनों की बिक्री की जानकारी लेकर उसके अनुरूप प्रकरण दर्ज कराएं। सभी गांवों में बी-1 के वाचन के बाद सामने आए फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कराएं। राजस्व अधिकारी प्रतिदिन राजस्व न्यायालय का कार्य करें। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में एक साल से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों को अभियान चलाकर एक माह में निराकृत कराएं। भूमि आवंटन तथा राजस्व न्यायालय से संबंधित प्रकरणों के प्रतिवेदन सभी तहसीलदार समय-सीमा में प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री जी 9 जून को त्योंथर आएंगे। सम्मेलन में पात्र हितग्राहियों को भू अधिकार पत्रों का वितरण कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने कहा कि जिले में 20 जून तक राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पुनः विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शेष बचे प्रकरणों का निराकरण करें।

# शासकीय हाई स्कूल बम्हनी का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

समय | सीधी



शासकीय हाई स्कूल बम्हनी कक्षा10वीं बोर्ड परीक्षा 2023 का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम श्रेणी 111 छात्र एवं द्वितीय श्रेणी 21 छात्र रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम वर्ष 2012 से ही लगातार उत्कृष्ट रहा, बता दें कि शासकीय हाई स्कूल बम्हनी ग्रामीण अंचल की विद्यालय है। जिसमें हरिजन आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, किंतु संस्था के प्राचार्य सतीश कुमार पाण्डेय की मेहनत एवं लगन के कारण यह विद्यालय जिले में अपना एक अलग पहचान स्थापित की है। श्री पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय में केवल अतिथि शिक्षक और अकेला मैं हूं।अतिथि शिक्षकों की मेहनत से निरंतर परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा वर्ष 2023 का परीक्षा परिणाम मेहनत के बावजूद भी प्रभावित होने की संभावना रही क्योंकि कोरोना काल के बच्चे पहली बार बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुए साथ ही अतिथि शिक्षकों में भी इस वर्ष उदासीनता देखने को मिली फिर भी परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। इसका मुख्य कारण निरंतर वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर मार्गदर्शन प्राप्त करना एवं उनके मार्गदर्शन में चलकर अथक परिश्रम करना रहा जिनका मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के साथ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त हुई ।उनमें प्रमुख रूप से पूर्व आयुक्त लोक शिक्षण अभय वर्मा,वर्तमान आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, कमिश्नर रीवा अनिल सुचारी ,पूर्व कलेक्टर सीधी रविंद्र चौधरी एवं मुजीबुर्रहमान खान, वर्तमान कलेक्टर साकेत मालवीय, सी.ई.ओ. सीधी राहुल नामदेव धोटे, अपर संचालक लोक शिक्षण डी.एस.कुशवाहा, जेडी रीवा संतोष त्रिपाठी, डॉ. प्रेमलाल मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी सीधी ,डॉ. डी. एन. दुबे सहायक संचालक शिक्षा सीधी, एस.डी.एम. गोपद बनास नीलेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, अशोक तिवारी एडी.पी.सी . एल.के शर्मा वीईओ सीधी,डॉ.सुजीत मिश्र एपीसी प्रमुख रहे। संस्था के प्राचार्य श्री पांडेय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा शिक्षकों छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# सड़क के साइड में मुरुम की जगह डाली मिट्टी, बारिश में कीचड़ होने से बढ़ेगी समस्या

समय | सीधी



खड्डी क्षेत्र के युवा समाजसेवी विनय पाण्डेय अंकुश मोहनी ने आरोप लगाया है कि देवनाढ़, मगरोहर रोड पर मध्यप्रदेश रोड डवलपमेंट कंपनी (एमपीआरडीसी) ने मुरुम की जगह रोड की साइड की चिकनी मिट्टी खोदकर साइड पटरी भर दी इससे कीचड़ हो गया है। वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। पानी गिरने से धनहा से मोहनी विद्यालय तक रोड में कीचड़ हो गया है। कीचड़ रोड पर फैलने से दोपहिया वाहन चालकों के लिए नई मुसीबत हो गई है। वाहन के सामने से कोई वाहन आने पर रोड के साइड में कीचड़ में उतरना पड़ रहा है। वहीं जरा सा ब्रेक लगाने पर चिकनी मिट्टी में वाहन फिसल रहे हैं। रोड की साइड में चल रहे राहगीरों और स्कूल जाने वाले बच्चों के कपड़ों पर कीचड़ उड़ा रहे हैं। जिससे वाहन चालक वह सागर राहगीरों में वाद विवाद की स्थिति बन रही है। एमपीआरडीसी के जल्दी बाजी और लापरवाही पूर्वक समस्या का समाधान से लोगों की समस्या जान पर बन आई है। ज्यादा मुसीबत तो रात के समय दो पहिया वाहनों की होती है। अंकुश ने कहा कि जब सामने से कोई वाहन आ जाता है तो उसे रात के समय रोड के साइड धूल और कीचड़ में उतारना पड़ता है। वाहन चालक अक्सर गिर जाते हैं। रात के समय नांगलवाड़ी से सब्जी से भरे वाहन तेज गति आते हैं। वाहन में वजन होने के कारण रोड से नीचे नहीं उतारते हैं। उन्हें तत्काल इस दिशा में वरिष्ठ अधिकारियों से उचित कार्यवाही की मांग की है।

### जय ज्योति स्कूल निगरी की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन







सिंगरौली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा 2023 में विकासखण्ड देवसर के संकुल केन्द्र निवास के अन्तर्गत जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट द्वारा संचालित जय ज्योति स्कूल निगरी की छात्रा दैव्यांशी खरे पुत्री श्री यतीन्द्र खरे (87०8 :), आर्यश वशिष्ठ पुत्र श्री गिरीश शर्मा (83०8 :) एवं अंकिता नायक पुत्री श्री सुनील कुमार नायक (81०6 :) के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहते हुये अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के 23 छात्र/छात्राएँ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। विद्यालय परिवार एवं कम्पनी प्रबंधन सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देता है एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

### सरदार पटेल विद्यालय निगरी की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन







सिंगरौली। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाई स्कूल परीक्षा 2023 में विकासखण्ड देवसर के संकुल केन्द्र निवास के अन्तर्गत जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट द्वारा संचालित सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निगरी की छात्रा प्रभा साहू पुत्री श्री हरिश्चन्द्र साहू (92०6 :), शिवानी साहू पुत्री श्री जगत साहू (92०4 :) एवं छात्र प्रिन्स कुमार साहू पुत्र श्री ओम प्रकाश साहू (88०4 :) के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहते हुये अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के 23 छात्र/छात्राएँ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। विद्यालय परिवार एवं कम्पनी प्रबंधन सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देता है एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

# एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय द्वारा जेम की बच्चियों हेतु स्वच्छता, स्वास्थ्य और गुड

## टच बैड टच पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

समय | सिंगरौली



एनटीपीसी विंध्याचल के मानव संसाधन सीएसआर अनुभाग द्वारा ÷बालिका सशक्तीकरण अभियान, 2023÷ का आयोजन दिनांक 14 मई से 11.06.2023 तक किया जा रहा है। उक्त कार्यशाला में 21 शासकीय विद्यालयों की 120 बालिकाओं का चयन किया गया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय द्वारा परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में दिनांक 01.06.2023 को जेम की बच्चियों हेतु स्वच्छता, स्वास्थ्य और गुड टच बैड टच पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी बच्चियों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इस कार्यशाला का भरपूर आनंद उठाया। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ विशेषज्ञ (विंध्य चिकित्सालय) उपस्थित रहीं। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में उपस्थित डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ द्वारा बालिका सशक्तिकारण अभियान में शामिल बच्चियों को त्वचा और बालों की देखभाल, दांतों की देखभाल, हाथ धोने, धूप और इसके अच्छे व बुरे प्रभावों के बारें में पर खुलकर बातचीत किया गया। साथ ही ब्रश करने और फ्लॉस करने की तकनीक के बारे में भी जानकारी साझा की गई। इसके अलावा डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ द्वारा बच्चियों को गुड और बैड टच के विषय के बारें भी विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में बहुत सारे वीडियो क्लिप के माध्यम से बच्चियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारें भी प्रेरित किया। कार्यशाला में बच्चियों से कई सारे सवाल पूछे गए और उन्हें चॉकलेट गिफ्ट की गई। इस अवसर पर सीएसआर विभाग की अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ बालिका सशक्तीकरण अभियान, 2023 में शामिल बच्चियाँ भी उपस्थित रहीं।

## सीधी में बहू बेटियां नहीं हैं सुरक्षित,कहां है मामा का बुल्डोजर ?

समय | सीधी



रामपुर नैकिन के खड्डी इलाके में 7 साल की मासूम के साथ हुई दरिंदगी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि एक ऐसी ही दूसरी घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। जिले के अमिलिया में शौच के लिए घर से निकली महिला के साथ परिवार के ही कुछ दरिंदों ने बर्बरता की, आरोपियों ने पहले तो महिला के मुंह में मिट्टी भर दी और फिर उसके प्राइवेट पार्ट में डंडा डाल दिया,इतने भर से भी दरिंदों का मन नहीं भरा तो उन्होंने फिर महिला के सीने पर पत्थर भी पटक दिया। घटना की सूचना लगते ही पूरे इलाके में हड़कंप गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ असहनीय बर्बरता की गई है ऐसी घटनाओं से यह एहसास पता है कि शायद सीधी जिले में अपराधियों के मन से पुलिस का फॉर्म इन दिनों समाप्त हो चुका है। इस अमानवीय घटना की पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वो घर से सुबह शौच के लिए निकली थी तो रास्ते में दो युवक घात लगाए बैठे थे, दोनों लोग मुझे अकेला पाकर खेत में खींचने लगे, जबकि विरोध करने पर उन्होंने मेरे साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने मेरे मुंह में मिट्टी भर दी और प्राइवेट पार्ट में डंडा डाल दिया, आरोपियों ने इसके बाद मेरे ऊपर एक बड़ा से पत्थर पटक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि दोनों आरोपी उसी के परिवार से हैं लेकिन एक पुराने विवाद के चलते वो मुझसे रंजिश रखते हैं। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को अपने साथ हुई बर्बरता की जानकारी थी,परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया,हालत गंभीर होने के कारण पीड़िता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने कार्यवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया,शुरुआती जांच में मामला प्रोपर्टी से जुड़ा सामने आया है पुलिस अभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## एनटीपीसी-विंध्याचल सीएसआर द्वारा आयोजित पैरामिलिट्री,राज्य पुलिस एवं आर्मी डिफेंस



सिंगरौली। एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों मे नैगम सामाजिक दायित्व नीति के तहत विकास से संबन्धित विभिन्न कार्य कराये जाते है। इसी क्रम एनटीपीसी-विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेड़मैप) के माध्यम से पैरामिलिट्री,राज्य पुलिस एवं आर्मी डिफेंस प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 07.12.2022 से 07.03.2023 तक परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान मे किया गया था। जिसमें सिंगरौली जिले के 50 से अधिक युवक एवं युवतियों नें इस प्रशिक्षण में भाग लिया था। यह बताते हुये बहुत हर्ष हो रहा है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में से एक बच्चा जिसका नाम अमर बाबू सेन है उसका चयन भारतीय सेना में हुआ है। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में एनटीपीसी विंध्याचल के इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि अमर बाबू सेन का चयन भारतीय सेना में हुआ है यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। उन्होनें सभी को भविष्य में आगे बढ्ने हेतु प्रेरित किया। उन्होनें यह भी कहा कि आने वाले समय में सिंगरौली के बच्चे पैरामिलिट्री,राज्य पुलिस एवं आर्मी डिफ़ेंस के क्षेत्र में एक अलग ही मुकाम हासिल करेंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्री प्रबीर कुमार बिस्वास, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस) श्री आर भारद्वाज, उप महाप्रबंधक(सीएसआर) श्री कन्हैया लाल, कार्यपालक (सीएसआर) जपनजोत सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# एनसीएल में डीजीएमएस के तत्वाधान में 3 जून को आयोजित होगा राष्ट्रीय सेमिनार

समय | सिंगरौली




ओपनकास्ट खदानों में ड्रिलिंग-ब्लास्टिंग और रॉक फ्रगमेनटेशन प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति पर होगा मंथन नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), खान सुरक्षा महानिदेशालय के साथ मिलकर 3 जून, 2023 को एनसीएल मुख्यालय में ÷ओपनकास्ट खदानों में ड्रिलिंग-ब्लास्टिंग और रॉक फ्रगमेनटेशन प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति÷ पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर रही है, जिसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। इस सेमिनार में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से लगभग 350 प्रतिभागी भाग लेंगे। इस एक दिवसीय सेमिनार के दौरान विभिन्न विषयों जैसे ब्लास्टिंग में मौजूदा सर्वोत्तम अभ्यास, चुनौतियां एवं सुधार की संभावना, ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और विखंडन में नवीनतम प्रगति, आईटी और डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए एप्लीकेशन, ब्लास्ट फ्री तकनीकी से उत्पादन आदि पर पर 32 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे । इस सेमिनार में डीजीएमएस, एनसीएल, एसपीएल, जेपीवीएल, अल्ट्राटेक, एपीएमडीसी, टीएचडीसी, कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियां, सीआईएमएफआर, आईआईटी आईएसएम, आईआईटी केजीपी, आईआईटी बीएचयू एवं खनन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रतिष्ठान हिस्सा लेंगे। यह सेमिनार देश के विभिन्न हिस्सों से नीति निर्माता, उद्यमी, कानून लागू करने वाली एजेंसियां, इंजीनियर, वैज्ञानिकों , शिक्षाविदों, प्रौद्योगिकीविदों को ओपनकास्ट खनन, बेहतर सुरक्षा प्रथाओं और परिचालन दक्षता से संबंधित विषयों को को एक दूसरे के साथ साझा करने वैचारिक आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। गौरतलब है कि एनसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष में 462.1 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार व 131 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन किया था । इतने वृहद पैमाने पर उत्पादन के लिए भारी मात्रा में ड्रिंलिंग व ब्लास्टिंग किया जाता है। एनसीएल में हमेशा से खान सुरक्षा एवं खान प्रबंधन की सर्वश्रेस्ठ प्रथाओं को अपनाया गया है, इस सेमिनार से खान सुरक्षा कार्य संस्कृति आदि को और बेहतर बनाने में एनसीएल सहित सभी प्रतिभागी प्रतिष्ठानों को मदद मिलेगी ।



## पेज 8 का शेष...

### रेत के अवैध उत्खनन व...

वहीं 02- 01-02.06.2023 की मध्यरात्रि सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुहिरा लंघाडोल नाला में एक टैक्टर चालक टेक्टर ट्राली में अवैध रेत लोड कर परिवहन करने वाला है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम रवाना किया गया। प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु एम्बूश लगाया जाकर निगरानी की गई तो लाल रंग का बिना नंबंर का सोनालिका ट्रैक्टर इंजन नंबंर 3100एनएस 048910226एफ 31 एवं लाल रंग का महेन्द्रा रजिस्टेऊशन नंबंर- एमपी 66 ए 4173 रेत लोड ट्राली के साथ आता देख उसे रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु टैऊक्टर चालक पुलिस को देखकर टैऊक्टर खडा कर भाग गया। उक्त दोनो टैक्टर चालक एंव वाहन मालिक का यह कृत्य अपराध धारा 379,414 भादवि एवं 04/2021 खान खनिज अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने पर थाना माडा मे क्रमशः अपराध क्रमांक- 0393/2023 एवं 394/2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना माडा एवं चौकी बंधौरा के पुलिस शासकीय सेवको की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वाहन समेत लगभग 5 लाख...

मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित रूप से थाना प्रभारी कमर्जी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त सूचना से अवगत कराया गया साथ ही सूचना की पुष्टि एवं विधिक कार्यवाही हेतु त्वरित रूप से टीम गठित कर घटना स्थल की ओर रवाना हुये जहॉ सोन नदी प्रतिबंधित क्षेत्र मजरहई घाट से एक ट्रेक्टर रेत लोड कर निकल रहा था जिसे हमराह स्टॉफ की मदत से रोका जाकर चेक किया गया जिसमे फूल बाड़ी रेत (बालू) भरा था। ट्रेक्टर चालक से उसका नाम पूछने पर अपना नाम आशुतोष सिंह बघेल बताया जिससे उक्त रेत भंडारण एवं परिवहन के सबंध में वैद्य कागजात की माँग की गई जो प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी ट्रेक्टर चालक का उक्त कृत्य आईपीसी की धारा 379, 414, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 27, 29, 39, 41, 51 एवं भारतीय वन अधिनियम की धारा 4, 41, 52 का अपराध पाये जाने पर आरोपी ट्रैक्टर चालक आशुतोष सिंह बघेल उर्फ़ विकाश पिता जीतेन्द्र कुमार सिंह निवासी लकोड़ा थाना कमर्जी के विरूद्ध अपराध कायम कर ट्रैक्टर मय ट्राली रेता भरा हुआ कुल कीमती 5 लाख 5 हजार रूपये जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उपर्युक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमर्जी उनि. भूपेश बैस, आर. दिनकर दुबे का विशेष योगदान रहा।

### आखिर बहरी में तहसीलदार ने ...

किंतु दुकानों में मनमानी तरीके से व्यापारियों का कब्जा होने से उनके द्वारा हर बार हंगामा एवं विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जाता है। जिसके कारण यह कार्यवाई काफी समय से लटकी हुई थी। बाद में बढ़ते विरोध के चलते बहरी सरपंच के द्वारा कुछ माह पूर्व आधी रात को जेसीबी लगाकर दुकान तोडने् एवं स्कूल के ताला तोडने् की कार्यवाई कराई गई थी। जिस पर बहरी सरपंच अनुज साहू के ऊपर दो एफआईआर भी दर्ज हुई। फिर भी बहरी सरपंच इस मामले को लगातार तूल दे रहे हैं। आज दुकानों को सीज करनें के लिए एसडीएम आरपी त्रिपाठी, डीएसपी सीधी नारायण कुम्हरे, तहसीलदार बहरी जान्हवी शुक्ला, आरआई बैजनाथ पाठक, हल्का पटवारी जवाहर गुप्ता, थाना प्रभारी पवन सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस का अमला भारी संख्या में मौजूद रहा।

# बोर्ड परीक्षा में सरस्वती विद्यालय मड़रिया का रहा दबदबा

**सीधी।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया के भैया बहनों ने बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए अपना एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 में 168 छात्रों में 129 छात्र सफल हुए हैं, जिसमें 112 प्रथम एवं 17 द्वितीय श्रेणी में सफल हुए तथा कक्षा दशम् में 94 छात्रों में 88 छात्र सफल हुए, जिसमें 74 प्रथम तथा 14 द्वितीय श्रेणी में सफल हुए। ज्ञात हो कि विद्यालय में कक्षा 12वीं में भैया बीरेश कुमार प्रजापति ने गणित समूह में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में नवम् स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय के साथ सीधी जिले को भी गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि भैया बीरेश कुमार प्रजापति ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में सीधी जिले से अपना स्थान बनाने वाले एकमात्र छात्र हैं। इसी क्रम में बहिन विनीता प्रजापति ने जिले की प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष कक्षा बारहवीं का उत्तीर्ण प्रतिशत जहां 80 प्रतिशत रहा, वहीं कक्षा दशम में उत्तीर्ण प्रतिशत 95 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त




करने वाले 5 भैया- बहन तथा 10वीं में 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 8 भैया- बहन रहे। इसी प्रकार मध्यप्रदेश शासन की लैपटॉप योजना के अंतर्गत विद्यालय के 49 भैया बहनों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। जिला सचिव श्री कमलाकर सिंह, सह सचिव श्री आशुतोष द्विवेदी, विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री बाला प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती शशी गौतम, सचिव श्री विजय कुमार सिंह, सहायक सचिव श्रीमती श्रद्धा सिंह, कोषाध्यक्ष श्री द्वारिका प्रसाद गुप्ता, ने भैया बहनों को शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं। प्राचार्य श्री राजकुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य श्री दिनेश चंद्र प्रसाद, परीक्षा प्रभारी श्री कप्तान सिंह, पाली प्रभारी श्रीमती साधना खरे एवं अन्य गुरुजन वृंद यथा श्री दिवाकर द्विवेदी, क्षविराज सिंह, रघुराज सिंह, बीडी सिंह, पवन पांडेय, पुष्पेंद्र मिश्रा, अमृत लाल सोनी, भागीरथी सिंह, बृहस्पति मिश्रा, अनिल कुमार शुक्ला, संगीता सिंह, रश्मि द्विवेदी, अनुराधा मिश्रा, निर्मला गुप्ता, आदि ने सभी सफल भैया बहनों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उम्मीद किए हैं कि ये सभी भैया बहन भविष्य में भी इसी प्रकार अपने जीवन में उत्तरोत्तर सफलता प्राप्त करेंगे।

# महापौर ने लोगों की शिकायत पर सड़क में चलवाई जेसीबी

**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी की इकलौती महापौर रानी अग्रवाल ने सिंगरौली में घटिया निर्माण होने पर सड़क की जेसीबी से दोबारा खुदाई कराई। वहीं दोबारा सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया। नहीं करने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए नगर निगम अमले को आदेश दिया ।मध्यप्रदेश के अंतिम छोर में बसे ऊर्जा धानी के नाम से सिंगरौली नगर पलिका निगम में आम आदमी पार्टी की महापौर रानी अग्रवाल एक्शन मोड पर नजर आ रही है। सिंगरौली नगर निगम अंतर्गत मोरवा के दो वार्डों में सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा था ।निर्माण कार्य घटिया होने की शिकायत नगर निगम महापौर को स्थानीय नागरिकों ने की। महापौर ने तुरंत एक्शन लेते हुए जेसीबी मशीन से बनी रोड की खुदाई करवा दी। इतना ही नहीं ठेकेदार को दोबारा सड़क निर्माण करने के लिए निर्देशित किया गया। अगर दोबारा सड़क का निर्माण नहीं किया जाता तो उसे ब्लैक लिस्ट करने के लिए नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल का कहना



है कि नागरिकों ने शिकायत की थी कि उनके क्षेत्र में बन रही सड़क में घटिया निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों को तुरंत नोट शीट जारी करते हुए घटिया निर्माण को जेसीबी से हटाने का निर्देश दिया गया था एवं दोबारा सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया। अगर नहीं करने पर उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। बता दें कि महापौर रानी अग्रवाल के इस कदम के बाद पूरे सिंगरौली क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। भ्रष्टाचारी ठेकेदार एवं अधिकारी अपने-अपने बचाव में लग गए हैं।

# पुलिस कप्तान द्वारा साप्ताहिक परेड का निरीक्षण व बलवा ड्रिल का कराया गया अभ्यास




**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली मो. यूसुफ कुरैशी नें दिनांक 02.06.2023 को शुक्रवार को रक्षित केन्द्र सिंगरौली में परेड की सलामी ली और जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की नसीहत दी। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया गया। पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली मो. यूसुफ कुरैशी नें जनरल परेड में अच्छे वेशभूषा व परेड पर कई पुलिस कर्मियों को ईनाम एवं खराब टर्न ऑउट वालो को सजा दी गई।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली मो. यूसुफ कुरैशी द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोली वार ड्रिल करवाई गई एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। आगामी त्यौहार एवं कानून.व्यवस्था के दृष्टिगत सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान और समाज में भयमुक्त सुदृढ़ वातावरण बनाने के लिए तथा आपातकालीन परिस्थितयों में स्थिति काबू में रखने को लेकर मॉक ड्रील, बलवा परेड का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण के लिए अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास, क्राइम सीन माक ड्रिल कराया गया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने आंगनवाड़ी केन्द्र में किया संपर्क




**सीधी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी ने आंगनबाड़ी परिवार मिलन कार्यक्रम के तहत 1 जून को शहर के वार्ड क्रमांक 17 में आंगनवाड़ी क्रमांक 16 में जाकर आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों एवं उनके परिवार जनों से संपर्क किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा कर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह ,महामंत्री श्रीमती जगदंबा सोनी , कोषाध्यक्ष श्रीमती महिमा तिवारी , नगर अध्यक्ष श्रीमती कंचन केसरी नगर मंत्री श्रीमती रेनु साकेत ,नगर मंत्री श्रीमती सुधा नामदेव, श्रीमती विमला उपाध्याय, श्रीमती निशा पटेल सहित मोर्चे की समस्त बहने उपस्थित रहीं।

### लखपति दीदियों का सम्मान

मोदी जी के कार्यकाल के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा सीधी द्वारा आवास योजना की लखपति दीदियों का सम्मान किया गया। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी द्वारा भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, महामंत्री जगदंबा सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती महिमा तिवारी, नगर अध्यक्ष कंचन केसरी नगर मंत्री रेनु साकेत ,नगर मंत्री सुधा नामदेव, विमला उपाध्याय, निशा पटेल सहित समस्त बहने उपस्थित रही।

## विधायक कप क्रिकेट : छठवे दिन हुए दो क्रिकेट मैच, दिन और रात हो रहे है मैच



**सीधी।** विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट में छठवें दिन 2 क्रिकेट मैच रात दिन बराबर खेले जा रहे हैं। चुरहट विधायक शरदेंदु तिवारी की एक सराहनीय पहल देखने को मिली है जहां पर विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जहां सिर्फ दिन में ही नहीं वरन रात में भी मैच खेले जा रहे हैं। बता दें कि यह छठवां दिन है जहां पर मैच का आयोजन हो रहा है। छठे दिन 2 टीमों ने हिस्सा लिया था जहां पर दोनों टीमों में से एक- एक टीम विजेता रही है जिन्हें पुरस्कार देने के लिए खुद डॉ. प्रवीण तिवारी मौजूद रही हैं। उनके साथ विधायक के निजी सचिव संजय तिवारी मौजूद रहे। डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें दिन का पहला मुकाबला चंदरेह और गुजड़ेर टीम के बीच खेला गया जिसमे गुजड़ेर की टीम विजेता रही। दूसरा मुकाबला लहिया और सलैया टीम के बीच खेला गया जिसमें सलैया की टीम विजेता रही।

## मुख्यमंत्री 9 को त्योंथर में कोलगढ़ी के पुर्ननिर्माण कार्य का करेंगे भूमिपूजन

**रीवा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 9 जून को त्योंथर आयेंगे जहां वह कोलगढ़ी के पुर्ननिर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे तथा प्रस्तावित कोल भवन की आधार शिला रखेंगे। श्री चौहान त्योंथर लिफ्ट एरिगेशन परियोजना का शिलान्यास करेंगे जिससे त्योंथर के 52 गांव सिंचित होंगे। मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियों के संबंध में विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने कलेक्टर प्रतिभा एवं पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह के साथ वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली तथा आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री जी के आगमन की व्यवस्थाओं का कार्यक्रम स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने हेलीपैड, मंच एवं आमसभा तथा कोलगढ़ी में भूमिपूजन के प्रस्तावित कार्यक्रम का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

# जन भागीदारी गतिविधि के अन्तर्गत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### जन शिक्षण संस्थान सभागार में उद्यमशीलता पर आधारित स्लोगन का प्रतिभागियों ने किया लेखन

**सीधी।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार विगत 1 जून 2023 से 15 जून 2023 तक जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली जी-20 जनभागीदारी गतिविधियों के अन्तर्गत जन शिक्षण संस्थान सीधी द्वारा संस्थान के सभागार में उद्यमशीलता पर आधारित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान से जुड़े




प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षणार्थी, जन शिक्षण संस्थान से जुड़े प्रशिक्षणार्थी, अनुदेशक एवं संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उद्यमों की भूमिका एवं उद्यमियों के योगदान पर आधारित कई स्लोगन का लेखन प्रतिभागियों ने किया तथा उन्होंने अपने लिखे गए स्लोगनों में यह भी दर्शाया कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में औद्योगिक संरचनाओं तथा इसके संचालन से जुड़े उद्योगपतियों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है साथ ही उन्होंने यह भी दर्शाया कि उद्यमशीलता बेराजेगारी के उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है।

दिनॉक 01 जून को भी संस्थान द्वारा आत्मनिर्भर भारत पर आधारित वेबीनार से भी प्रतिभागियों को जोड़ा गया था एवं इस अवसर पर संस्थान से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों के मध्य एक उद्यमशीलता पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी जिसमें प्रतिभागियों द्वारा बढ़-चढ़ कर अपनी प्रतिभागिता प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु संस्थान के अध्यक्ष मंजू सिंह ने अपने संदेश में संस्थान के निदेशक जय सिंह सहित स्टाफ के सभी कर्मचारियों के सफल प्रयासों की सराहना की तथा पूरे पंद्रह दिवसों तक आयोजित होने वाली इन गतिविधियों के सफल आयोजन हेतु दिशानिर्देश भी दिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी बृजेन्द्र सिह, सुमन सिंह, रेखा सिंह, शोभा सिंह, राकेश सिंह, संतोष केवट, ललिता पटेल, भारती पाण्डेय, सुधा सिंह तथा संस्थान से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### विधानसभा की संचालन समितियों की बैठक संपन्न

# उत्प्रेरक की तरह कार्य करते हुए जिले की सभी विधानसभा जीतने के लिए हो कटिबद्धः हितानंद

**सीधी।** आगामी दिनों में संपन्न होने जा रहे विधानसभा चुनाव को परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए, टीम भावना से युक्त, उत्प्रेरक की तरह कार्य करते हुए जिले की चारों विधानसभा जीतने की योजना रचना करते हुए कटिबद्ध हो पदाधिकारी और कार्यकर्ता ।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने जिले की चारों विधानसभाओं सीधी, सिहावल, चुरहट और धौहनी की संचालन समितियों को संबोधित करते हुए स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के विभिन्न सत्रों के दौरान कहीं। विधानसभा की महत्वपूर्ण संचालन समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं चुरहट विधायक



शरदेन्दु तिवारी, भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती रीती पाठक, पूर्व मंत्री और रींवा विधायक राजेन्द्र शुक्ला, सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ राजेश मिश्रा, इंद्र शरण सिंह चौहान, प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य और सिहावल विस्तारक राजेंद्र पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष के के तिवारी, सिहावल के पूर्व विधायक विश्वामित्र पाठक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को विधानसभा की विभिन्न संचालन समितियों को संबोधित करते हुए चुनाव जीतने के हुनर का पाठ प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा ने बखूबी सिखाया। चुनाव जीतने के लिए करणीय कार्यों को लेखनीबद्ध भी कराया। इस दौरान बूथ जीता, चुनाव जीता। मेरा बूथ, सबसे मजबूत के पीछे छुपी मूल भावना को विस्तार से कहानियों एवं प्रेरक प्रसंग के माध्यम से समझाया। इस दौरान चुनाव संचालन समिति के सदस्यों में अच्छा खासा उत्साह, जोश और हर्ष का वातावरण देखा गया। बैठक के पश्चात कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक चर्चा भी प्रदेश संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने की। इसके पूर्व प्रदेश और केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनका पार्टी के लिए उपयोग को भी समझाया। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आज हमारे पास प्रदेश में 38 लाख से अधिक पदाधिकारियों की टोली है। जो बूथ हम हारे हैं उनको चिन्हित करके जीतने के लिए योजना रचना करें। जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक और पार्टी के जिला पदाधिकारियों का प्रवास शक्ति केंद्रों तक हो, इसकी योजना भी अत्यंत आवश्यक है।

## निराकृत राजस्व प्रकरणों में सात दिन में नक्शा तरमीम कराएं

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में राजस्व अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सराहनीय प्रयास करके प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाया। इसके लिए मैं सभी को बधाई देती हूँ। अभियान के दौरान 18 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत किए गए। सभी निराकृत सीमांकन, अविवादित नामांतरण तथा बंटवारे के प्रकरणों में 7 दिवस में नक्शा तरमीम कराएं। तहसीलदार पटवारियों को निराकृत प्रकरणों की सूची देकर समय-सीमा निर्धारित करें। निराकृत प्रकरणों की सूची तहसील कार्यालय में चस्पा कर दें।

**RAGHU PUBLIC HIGH SCHOOL, SIDHI**

Sidhi-Singrauli Road Pdainiya,Sidhi(M.P.),9926245864,9589662676,9165933981
E-mail: contact.rps@rediffmail.com

(Vacancy Announcement)

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Maths(PRT/TGT) | 02 |
| 2. | Social science(PRT/TGT) | 02 |
| 3. | English(PRT/TGT) | 02 |
| 4. | Hindi (PRT/TGT) | 02 |
| 5. | Sanskrit (TGT) | 01 |
| 6. | Computer (PRT/TGT) | 02 |

Remark
- Salary as per performance
- Priority for B.ED/ D.ED/ D.EL.ED. candidates
- Qualifications:- Graduation+B.ED/ D.ED/ D.EL.ED.

Interview Date:- 12 june 2023(Time:-10:00am to 2:00 pm)

Admission Open for session 2023-24

* Interested candidates will be required to carry all original documents with one set photocopy and passport size photo.

## कृषकों के ऋण प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर वितरित करें: सांसद



**रीवा।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा बैठक (डीएलसीसी) की सांसद द्वय जनार्दन मिश्र एवं राजमणि पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल नगर पालिक निगम की आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन, विधायक प्रतिनिधि सिरमौर जिला पंचायत सीईओ सौरभ सोनवणे एवं अग्रणी जिला प्रबंधक संजय निगम सहित बैंकर्स एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्री मिश्र ने डीएलसीसी की बैठक में कहा कि बैंकर्स जमा एवं अग्रिम का अनुपात आरबीआई के मानक के अनुरूप 60 प्रतिशत तक बढ़ाये। वर्तमान में ऋण जमा अनुपात 39.74 प्रतिशत ही है जो कि बहुत कम है। उन्होंने कहा कि बैंक में मार्च माह तक 1420832 लाख रूपये जमा हुये हैं जबकि बैंकर्स द्वारा केवल 5646631 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। सांसद ने कहा कि बैंकर्स छोटे-छोटे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरित करें। फूड प्रोसिसिंग के लिये ऋण देने में प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिये प्रारंभ की गई हितग्राही मूलक योजना के अन्तर्गत ऋण वितरित करने में कोई रूचि नहीं ले रहे है। यह आपत्ति जनक है। गरीब आदिवासियों का जीवन परिवर्तन करने का हमारा दायित्व है। बैंकर्स उन्हें ऋण वितरित करने में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्राइवेट बैंक ऋण राशि स्वीकृत एवं वितरित करने में कोई रूचि नहीं ले रहे है ऐसी स्थिति में जिले में प्राइवेट बैंकों को बंद करने की कार्यवाही की जानी चाहिये।

# बस और बोलेरो की आमने-सामने हुई भिड़ंत, चालक की मौके पर ही मौत



**सिंगरौली।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में रेणुकूट-बीजपुर मुख्य मार्ग पर पौथीपाथर के पास शुक्रवार को बस और बोलेरो में आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

हादसे में बोलेरो चालक की मौत हो गई। उसका सहयोगी भी गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नेमना गांव के समथरहवा टोला निवासी राजेश कुमार भारती 38 वर्ष अपने साथी चेतवा निवासी अर्जुन कुमार के साथ अपनी बोलेरो से जरहा की तरफ गया था। वापस लौटते समय पोथीपाथर टोला के पास रेणुकूट की तरफ जा रही तेज रफ्तार बस से बोलेरो में टक्कर हो गई।

आमने-सामने की जोरदार टक्कर से बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। गंभीर रूप से घायल बोलेरो चालक राजेश व उसके साथी अर्जुन को आनन-फानन बोलेरो से बाहर निकालकर एनटीपीसी रिहंद के धन्वंतरि चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। अर्जुन का उपचार चल रहा था।

## आखिर बहरी में तहसीलदार ने दुकानों को किया सीज व्यापारियों ने किया हंगामा, भारी पुलिस बल रहा मौजूद

**सीधी।** तहसील मुख्यालय बहरी में 73 दुकानों के आवंटन को लेकर हो रहे विरोध के चलते आज बहरी तहसीलदार जान्हवी शुक्ला ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दुकानों को सीज कराने की कार्यवाई की।



इस दौरान बहरी सरपंच अनुज साहू की कार्यशैली को लेकर व्यापारियों ने भारी विरोध करते हुए हंगामा भी किया। तत्संबंध में बताया गया है कि कुछ वर्षों पूर्व ग्राम पंचायत बहरी की ओर से बस स्टैंड क्षेत्र में निर्मित कराई गई 73 दुकानों के आवंटन की कार्यवाई बहरी सरपंच अनुज साहू द्वारा आधी रात को नियम कानूनों को ताक पर रखकर कर दी गई है। व्यापारियों से मनमानी तरीके से राशि लेकर उन्हें दुकानों का आवंटन भी कर दिया गया था। बाद में दुकानों के आवंटन को लेकर लगातार गतिरोध बना हुआ था। जिसके चलते प्रशासन जहां अवैध रूप से आवंटित की गई 73 दुकानों की फिर से नीलामी नियम के अनुसार करानें की कार्यवाई शुरू की गई थी। शेष पेज 7 पर...

# रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन में लिप्त चार ट्रैक्टरों को पुलिस ने जप्त कर की कार्यवाही



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली श्री मो. यूसुफ कुरैशी द्वारा अवैध रेत उत्खनन परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत श्री राजीव पाठक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिंगरौली एवं निरीक्षक कपूर त्रिपाठी थाना प्रभारी माडा के मार्गदर्शन में दिनांक 01-02.06.2023 की रात्रि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर एम्बूश लगाकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में माड़ा थाना पुलिस द्वारा 04 नग टैक्टर मय रेत भरी ट्रॉली जप्त की गयी। दिनांक 01-02.06.2023 की मध्यरात्रि सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खोखरी भलुहानाला तरफ से 02 टैऊक्टर रेत चोरी कर जा रहे है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम रवाना किया गया। प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु एम्बूश लगाया जाकर निगरानी की गई तो लाल रंग का महेन्द्रा ट्रैक्टर -सीजी-15डीबी 5502 एवं एमपी-66ए 6345 रेत लोड ट्राली के साथ आता देख उसे रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु टैऊक्टर चालक पुलिस को देखकर टैऊक्टर खडा कर भाग गया। उक्त दोनो टैक्टर चालक एंव वाहन मालिक का यह कृत्य अपराध धारा 379,414 भादवि एवं 04/2021 खान खनिज अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने पर थाना माडा मे क्रमशः अपराध क्रमांक- 0390/2023 एवं 391/2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शेष पेज 7 पर...

# परिवार के ही व्यक्ति ने किया जानलेवा हमला

**सीधी।** जिले के चुरहट थाना अंतर्गत ग्राम पावा के पुष्पेंद्र शुक्ला के ऊपर उनके ही परिवार के सदस्य ने जानलेवा हमला कर दिया है।परिजनों से मिली जानकारी के



अनुसार पीड़ित के रिश्ते के बड़े पिता ने कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर दिया जिसके कारण पीड़ित के सिर मे गंभीर चोट आई है जिसे चुरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया जहाँ उपचार किया गया। स्थित गंभीर होने के कारण पीड़ित को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। आरोपी के ऊपर धारा 294,323,506 के तहत मामला पंजीवद्ध कर लिया गया।

### इनका कहना है

चुरहट थाना अंतर्गत ग्राम पावा में शुक्ला परिवार के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है ।यहां पुलिस में मामले को पंजीबद्ध करते हुए विवेचना शुरू कर दी है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार कार्यवाही की जाएगी।

**अंजूलता पटले,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी

# वाहन समेत लगभग 05 लाख रुपये कीमती मशरुका जप्त

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के कुशल निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चुरहट श्री विवेक



गौत्तम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमर्जी उनि भूपेश बैस के नेतृत्व में कमर्जी पुलिस द्वारा अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहे ट्रेक्टर को जप्त कर चालक के विरुद्ध मामला किया पंजीबद्ध। मामला विवरण दिनांक 01-02/05/2023 की दरमियानी रात थाना प्रभारी कमर्जी को रात्रि गस्त के दौरान जरिये मुखविर सूचना मिली की प्रतिबंधित क्षेत्र सोन नदी मजरहई घाट में में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर ट्रैक्टर से लोड कर रहा है।

## अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने लाड़ली बहनो को वितरित किये प्रमाण पत्र

# नारी सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी लाडली बहना योजनाः राम लल्लू बैस

**सिंगरौली।** अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में आयोजित समारोह में सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम लल्लू बैस द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओ को स्वीकृती पत्र का वितरण हर्षोउल्लास के साथ किया गया। विधायक श्री बैस ने समारोह में उपस्थित महिलाओं को स्वीकृती पत्र वितरित करते हुये कहा कि आगामी 10 जून को आपके भाई प्रदेश के चहेते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक हजार रूपये की पहली किस्त जारी की जायेगी।



इसके लिए मै आप सबको बहुत बहुत बधाई देता हू। विधायक श्री बैस ने कहा कि नारी सशक्तिकरण में लाडली बहन योजना मील का पत्थर साबित होगी। अब बहनो को अपनी छोटी मोटी जरूरतो के लिए किसे आगे हाथ नही बड़ाना होंगा। उन्हे साल भर में 12 हजार रूपये उपहार स्वारूप मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये जायेगा यह उनका अधिकार भी है।

उन्होने स्वीकृति पत्र मिलने पर कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं को बधाई दी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की पात्र बहनों तक स्वीकृति पत्र घरों तक पहुंचाये जायेंगे। इसके लिये उन्हें दफ्तरों तक जाना नहीं पड़ेगा। उन्होने कहा कि आज महिलाओं को मिल रहे स्वीकृति पत्र इस बात के प्रमाण हैं कि उन्हें 10 जून को लाड़ली बहना योजना से एक हजार रुपए की राशि प्राप्त होगी। इस राशि से महिलाओं की तथा उनकी गृहस्थी की छोटी-मोटी आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। इससे परिवार का वातावरण अच्छा रहेगा। महिलाओं ने जिसकी कल्पना भी नहीं की थी ऐसा उपहार मुख्यमंत्री जी ने महिलाओं को दिया है। जब लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की गई थी तो कई लोगों ने इसका मजाक उड़ाया था। इस योजना से प्रदेश की 49 लाख बेटियां लाभान्वित हुई हैं। इस योजना ने बेटियों के प्रति समाज और परिवार का दृष्टिकोण बदल दिया है। अब बेटी के जन्म में भी उत्सव होता है और उसे परिवार में बेटे के समान ही सम्मान प्राप्त है।

मुख्यमंत्री जी ने बेटियों को तरक्की का अवसर देने के बाद उनकी माताओं के लिए लाड़ली बहना योजना शुरू की है। विधायक श्री बैस ने कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए विकास का बड़ा अवसर साबित होगी। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार में घर गृहस्थी चलाने की जिम्मेदारी महिलाओं की ही रहती है। सीमित संसाधनों में कई बार उनकी छोटी-मोटी जरूरतें भी पूरी होना कठिन हो जाता है। लाड़ली बहना योजना से हर माह मिलने वाली एक हजार रुपए की राशि इस कठिनाई को दूर करेगी। अब घर की आवश्यकताओं, बच्चों की पढ़ाई, दवाई तथा अन्य कार्यों के लिए उन्हें मुखिया के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। इस राशि से बचत करके वे संकट में परिवार की मदद भी कर सकेंगी। मुख्यमंत्री जी ने अपनी बहनों को जो वचन दिया है आज वह पूरा हो रहा है।

बहनों को आज स्वीकृति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। उन्हें 10 जून को एक हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में दी जाएगी। महिलाएं इस राशि का उचित उपयोग करेंगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त पवन कुमार सिंह, पार्षद सीमा जयसवाल, संतोष शाह,राम नरेश शाह, उपायुक्त आर.पी बैस, समाजसेवी प्राची सिंह सहित लाडली बहने आम जन उपस्थित रहे।

## वॉर्ड क्र.08 एवं वॉर्ड क्र 42 में स्वीकृति पत्र वितरण

नगर पालिक निगम सिंगरौली के वॉर्ड क्र.08 के सामुदायिक भवन मोरवा सिंगरौली में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सिंगरौली विधायक रामलल्लू बैस ने अपने कर कमलों से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के पात्र 723 बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण किए जहां पर सभी पात्र बहनों के चेहरे पर काफी उत्साह देखने को मिला और सभी महिलाओं के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी प्रति अपना धन्यवाद व आभार प्रकट की। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के आयुक्त पवन सिंह ,पार्षद राज बहादुर पनिका ,जिला उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी ,मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र गर्ग ,श्रीमती किरण सागर , भारत सिंह , संदीप चौबे ,श्रीराम शुक्ला और वार्डों की महिलाएं उपस्थित रहीं।आज नगर पालिक निगम सिंगरौली के वॉर्ड क्र.42 के अटल बिहारी वाजपेई सामुदायिक भवन बिलौजी बैढ़न में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपने कर कमलों से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के पात्र 524 बहनों को



स्वीकृति पत्र वितरण किए जहां पर सभी पात्र बहनों के चेहरे पर काफी उत्साह देखने को मिला और सभी महिलाओं के द्वारा मुख्यमंत्री प्रति अपना धन्यवाद व आभार प्रकट की।इस अवसर पर नगर पालिक निगम के आयुक्त पवन सिंह ,पार्षद संतोष शाह ,पार्षद राम नरेश शाह ,भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जायसवाल ,महामंत्री श्रीमती ऋचा सिंह ,श्रीमती कुसुम शाह ,नगर निगम के राजस्व अधिकारी श्रीराम प्रकाश वैश्य , आशीष शुक्ला , संतोष जायसवाल और वार्डों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# तीन बच्चों की मां ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**सीधी।** जिले के अमिलिया थाना अंतर्गत उस वक्त अफरा -तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब एक महिला ने अपने घर फांसी लगाकर जान दे दी। यह पूरा मामला ग्राम पंचायत सुपेला का है जहां रन्नू साकेत पति रणजीत साकेत उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम सुपेला ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी लगते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा, तथा इसकी जानकारी अमिलिया पुलिस व मृतिका के मायके पक्ष के परिजनों को दी गई।

### मृतिका के मायके पक्ष ने लगाए आरोप

मृतिका के मामा भुअर साकेत पिता सोनई साकेत उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम कारीमाटी ने बताया कि मृतिका के पिता बचपन में ही गुजर गए थे जिसका पालन पोषण हम लोगों के द्वारा कर शादी ब्याह किया गया था। जो तीन बच्चे की मां थी। ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित कर रहे थे एवं इसे मार कर फांसी के फंदे में लटकाया गया है।



### इनका कहना है

ग्राम सुपेला में 1 एवं 2 जून की दरमियानी रात्रि 32 वर्षीय महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है जिसकी विवेचना पुलिस कर रही यह हत्या है या आत्महत्या यह जांच का विषय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**पी.एल. तांडिया**
उपनिरीक्षक थाना अमिलिया

# 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**सिंगरौली।** दिनांक 1.6.23 को चौकी कुंदवार अंतर्गत आने वाले ग्राम कुर्सा निवासी श्रीमती रेनू बैगा द्वारा जियावन थाने में रिपोर्ट लेख कराई गई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री दिनांक 31 मई की सुबह से गायब हो गई है। संभवतः बहला फुसलाकर कोई भगा कर ले गया है।

उक्त रिपोर्ट पर से थाना जियावन में तत्काल धारा 363 भादवि का आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना चौकी प्रभारी उप निरीक्षक भीपेंद्र पाठक को सुपुर्द की गई। थाना प्रभारी निरी. संतोष तिवारी एवं अनु विभागीय अधिकारी देवसर श्री वीरेंद्र धारवे के द्वारा मामले में तत्परता के साथ कार्यवाही के



निर्देश जारी किए गए। चौकी प्रभारी की टीम द्वारा मामले में तत्परता दिखाते हुए बालिका के गुमने के स्थान से जांच शुरू की गई शीघ्र ही मामले में बालिका के सीधी जिला अंतर्गत एक गांव में होने की जानकारी प्राप्त हुई जो पुलिस टीम द्वारा तत्काल रवाना होकर उक्त बालिका को ढूंढ निकाला है पूछताछ में बालिका के द्वारा घरेलू वजह से गुस्से में आकर मौका पाकर गांव के मेन रोड में आकर सुबह-सुबह की बस में बैठकर पड़ोस के जिले सीधी में रहने वाली अपने ही रिश्ते की बुआ के घर जाकर रुक जाना बताया।

बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है पूछताछ के उपरांत उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है साथ ही बालिका एवं उसके परिजनों को आवश्यक परामर्श प्रदान किए गए।थाने में रिपोर्ट होने के 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका को ढूंढ निकालने में मुख्य रूप से थाना प्रभारी जियावन निरीक्षक संतोष तिवारी उप निरीक्षक भीपेंद्र पाठक चौकी कुंदवार स उ नि त्रिवेणी पाल, प्रधान आरक्षक बंसलाल, विनय, पुष्पराज की भूमिका सराहनीय रही।

# 23460 रूपये नगदी सहित चार जुआरियों को खुटार चौकी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र के खुटार चौकी अंतर्गत ग्राम चितरवई कला पहाड़ी के पास हर जीत की बाजी लगाते चार जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है।?जुआयिों के पास से तास के पत्ते व 23460 रूपये जप्त कर कार्यवाही की गयी है।मिली जानकारीके अनुसार दिनांक 01.06.2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चितरवई कला पहाड़ी पर कुछ लोग इकट्ठा होकर तास पत्तो के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है कि सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु रवाना होकर रेड कार्यवाही की गई जो मुखविर के बताए स्थान पर 04 व्यक्ति जुआ खेलते दिखाई दिये जिहें घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम अजय




सोनी पिता राम जी सोनी उम्र 33 वर्ष, अरबिद सोनी पिता अमयलाल सोनी उम्र 26 वर्ष, रमेश पिता राजलाल सोनी उम्र 40 वर्ष तीनों निवासी खुटार एवं अवधेश सिंह चौहान पिता नरोत्तम सिंह उम्र 46 वर्ष कैलाशपुरी थाना मुगलसराय चांदोली उ0प्र0 को तास के पत्तों से रूपये पैसा से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाये गये है आरोपीयो के कब्जे से तास के52 पत्ते एवं 23460 रूपये जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया है आरोपीयो उपरोक्त के खिलाफ चौकी खुटार थाना वैढन मे अपराध क्रमांक 0113/23 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही मो. यूसुफ कुरैशी (भापुसे) पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के कुशल मार्गदर्शन एवं श्री शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के पर्यवेक्षण में एवं श्री देवेश पाठक नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर के कुशल मार्ग दर्शन में संपन्न हुयी।

## अभा कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक ने धौहनी में ली संगठनात्मक बैठक, कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, भरा जोश

# कार्यकर्ता एकजुट होकर आने वाले चुनावों के लिए सक्रियता के साथ लग जाएंः राठौर

**सीधी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक कुलदीप राठौर के मुख्य आतिथ्य,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की अध्यक्षता, जिला प्रभारी बृजभूषण शुक्ला, इंजी हरिकृष्ण,सिंगरौली प्रभारी गुरमीत सिंह मग्गू, सिंगरौली जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल के विशिष्ट आतिथ्य में धौहनी विधानसभा के ग्राम कमचड़ में आने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीति को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरे जाने बूथ कमेटियों के गठन बीएलए की नियुक्ति के साथ-साथ कांग्रेस की चुनावी तैयारियों पर चर्चा की गई। संगठनात्मक बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक कुलदीप राठौर ने



कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सब एकजुट होकर आने वाले चुनावों के लिए सक्रियता के साथ अभी से लग जाएं पार्टी किस व्यक्ति को टिकट देती है या महत्वपूर्ण नहीं है वह निर्णय पार्टी का होगा आप सब का प्रत्याशी हाथ का पंजा है आप हाथ के पंजे को विजई बनाने और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाने,आम जनता के हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष करें आने वाला समय आपका होगा मध्यप्रदेश में निश्चित रूप से 150 सीटों से अधिक संख्या के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी। जिला प्रभारी बृजभूषण शुक्ला ने बैठक में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है आम जनमानस को मूलभूत सुविधाओं का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है किसान मजदूर नौजवान महिलाएं सब भाजपा की सरकार से परेशान हो चुके हैं प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है आने वाले विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनेगी आवश्यकता इस बात की है कि कांग्रेस का कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस की घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और भाजपा की जन विरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव एकदम नजदीक है हम सब एकजुट हैं और मैं पर्यवेक्षक महोदय को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सीधी जिले की चारों विधानसभा सीट इस बार कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से जीतेगी और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में हमारे जिले की अहम भूमिका हो, जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषणा की गई है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह 1500 रुपए मिलेंगे, गैस का सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त में दी जाएगी।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

सिंगरौली जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह,संगठन मंत्री दयाशंकर पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह शेरगांव महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह जनपद कुसमी अध्यक्ष श्यामवती सिंह,महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रंजना मिश्रा,युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू ब्लॉक अध्यक्षगण संतोष तिवारी हंसलाल यादव प्रदीप दीक्षित जय सिंह उपाध्यक्ष दिनेश पाठक रोहन सिंह अजीत सिंह महेश गुप्ता तिलकराज सिंह तारा सिंह संतोष तिवारी सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन जिला पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी,बूथ बीएलए एवं कांग्रेस के साथी उपस्थित रहे।

सम्पादक, प्रकाशक तथा मुद्रक-पद्मधर पति त्रिपाठी द्वारा अधिकार प्रेस ( आफसेट प्रिन्टर्स ) नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से मुद्रित कर ''समय'' प्रेस भवन, नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
संस्थापक -स्व.कार्तिकेय पति त्रिपाठी दूरभाष-सम्पादकीय-07822-252343, विज्ञापन-9303809000 फैक्स- 07822-356081 आरएनआई. पंजीयन क्र.- 6137/59, स्थानीय संपादक -कुशाग्र पति त्रिपाठी